## एक नजर

### गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला को पीटा

**छिबरामऊ।** नगर की काशीराम कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 25 निवासी रुखसाना पत्नी राम जाने नागर ने बताया कि मंगलवार की रात लगभग 10 बजे वह अपने क्वार्टर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान पड़ोस के ही निवासी दबंग किस्म के कुछ लोग गालीगलौज कर रहे थे। महिला ने इसका विरोध किया तो दबंगों ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसका मोबाइल फोन फोड़ दिया।

### गांव के लोगों ने प्रधान व उसके भतीजे को पीटा

**गुरसहायगंज।** मोहनपुर रतनपुर निवासी ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार पुत्र रामआसरे ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह 09 जून की शाम लगभग 04 बजे भतीजे निखिल शुक्ला के साथ घर से गांव की तरफ जा रहा था। तभी रंजिश को लेकर मनोज व कानपुर के यशोदा नगर निवासी उसके भांजे विवेक, पवन उर्फ शालू ने गालीगलौज की। मना करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

### किसान के 81 हजार रुपये चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** ग्राम जहांगीरपुर निवासी वृद्ध किसान लंकुश पुत्र रामविलास ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे घर से साइकिल पर सवार होकर मलिकपुर स्थित आर्यावर्त ग्रामीण बैंक में 81 हजार रुपये जमा करने जा रहा था। रास्ते में गैस एजेंसी के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने उसके झोला से रुपये चोरी कर फरार हो गए।।

### खेत पर काम कर रही महिला से मारपीट

**गुरसहायगंज।** ग्राम सराय दौलत निवासी रूबी पत्नी गजेन्द्र सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 06 जून की शाम करीब 04 .30 बजे वह अपने खेत पर कार्य कर रही थी। तभी गांव का अमित सिंह आया और रंजिशन गालीगलौज शुरू कर दी। मना करने पर उसे फावड़ा मारकर गंभीर रूप घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी।

### महिला के सहयोग से युवती को भगाया, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** क्षेत्र के एक ग्राम निवासी महिला ने बताया कि ग्राम बड़ेगांव निवासी अनुरूप सोमवार की शाम करीब 05 .30 बजे उसकी 18 वर्षीय पुत्री को भगा ले गया। युवती घर में रखे 80 हजार रुपये भी ले गई। माधुरी ने युवक की मदद की।

### पेड़ से गिरकर युवक घायल

**छिबरामऊ।** जनपद मैनपुरी थाना बेवर के ग्राम जसमई निवासी अजय चौहान (40) पुत्र वीरेंद्र सिंह अपने खेत में लगे आम के पेड़ पर आम तोड़ने के लिए चढ़े थे। तभी पेड़ की डाल टूट गई और वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# ग्रामीण बोले- आटी में 6 हैंडपंप खराब केशरीपुर्वा में सड़क की है समस्या

## बुधवार को ग्राम चौपाल में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को बताईं अपनी समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



आटी में ग्राम चौपाल में मौजूद डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, सीडीओ राम कृपाल चौधरी व अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में ब्लॉक सदर क्षेत्र के आटी में ग्राम चौपाल लगी। ग्रामीणों से संवाद कर डीएम ने कहा कि बेफिक्र होकर अपनी समस्याएं बताएं। प्रशासन जनता के साथ है और पारदर्शिता के साथ कार्य कर सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसमें ग्रामीणों ने 6 हैंडपंप खराब होने एवं ग्राम केशरीपुरवा की सड़क की शिकायत रखी।

बुधवार की शाम लगी चौपाल में डीएम ने एक-एक कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, समस्या का निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सभी दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन नियमित रूप से मिल रही है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ठीक इसी प्रकार आयुष्मान भारत, आवास, निराश्रित महिला पेंशन/ वृद्धा पेंशन, कन्या सुमंगला योजना आदि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को मिलना चाहिए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता को निर्देश दिए कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों, इस पर विशेष ध्यान रखा जाए। जीरो पावर्टी के तहत मोहन लाल, खिमन, मुन्नी के आयुष्मान कार्ड चौपाल में बनाए गए। इस दौरान सीडीओ राम कृपाल चौधरी, प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार, उप जिलाधिकारी सदर नवनीता राय, प्रधान नरेंद्र प्रजापति, उपायुक्त मनरेगा दिनेश यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह, जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेंद्र प्रकाश उपस्थित रहे।

### महिला अफसर पर मेहरबान साहब

- जिले की एक महिला अफसर पर इन दिनों साहबान मेहरबान हैं। बताया गया है कि एक दिन अपने ही प्रमुख सचिव की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में वह शामिल नहीं हुईं जबकि अन्य अधिकारी मौजूद थे। बुधवार को गांव चौपाल में भी वह आटी नहीं पहुंचीं। इससे पहले वह नगर निकाय चुनाव में लगी ड्यूटी को छोड़कर निकल गईं थीं। उस दौरान डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने कार्रवाई के लिए चिट्ठी लिखी थी। इधर, बीच में लंबी छुट्टी भी ले ली थी। आगे अवकाश नहीं बढ़ा और 5 दिन देरी से ऑफिस आईं लेकिन बिना काम के 5 दिन की भी सैलरी निकाल ली। अपनी अलग कार्यशैली को लेकर महिला अफसर चर्चा में रहतीं हैं। उसके बाद भी हाकिम मेहरबान हैं।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

### स्वर्ग वाहन... शव रखने वाले फ्रीजर खराब

**कन्नौज।** नगर पालिका परिषद की कई जरूरी व्यवस्थाओं में कमियां हैं। इन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस वजह से शहर क्षेत्र के लोगों को गर्मियों में दिक्कतें हो रहीं हैं। यहां तक की शव रखने वाले फ्रीजर व स्वर्ग वाहन भी खराब हैं।

बुधवार को भाजपा नगर अध्यक्ष शिवेंद्र कुमार के साथ कई भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी तहसील कन्नौज पहुंचे। कहा, नगर पालिका परिषद में जो स्वर्ग वाहन है वह कई दिनों से खराब पड़ा है। शव रखने वाले फ्रीजर भी खराब हैं। कई बार मौखिक शिकायत करने के बाद भी स्वर्ग वाहन और फ्रीजर सही नहीं हुए हैं। स्वर्ग वाहन की खराबी के चलते हिंदू समाज में नगर पालिका को लेकर नाराजगी है। ज्ञापन में कहा गया है कि पाटानाल साफ नहीं है। वाटर कूलर काम नहीं कर रहे हैं। इन सभी के उपकरण सही कराने की मांग हुई है। इस मौके पर गोपाल चतुर्वेदी, भानु प्रताप सिंह तोमर, विशाल शुक्ल, श्यामजी मिश्र, सचेत पांडेय, प्रशांत अवस्थी, विकास, प्रभात बाजपेयी व समुद्र श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



गोष्ठी को संबोधित करते डॉ. विवेक। अमृत विचार

### नियमित योग से मानसिक रोगों से मिलता छुटकारा

**तिर्वा, कन्नौज।** प्रतिदिन योगाभ्यास करने से मानसिक रोगों से छुटकारे के साथ शरीर भी स्वस्थ रहता है। यह बात मानसिक रोग विभाग के डॉ. विवेक ने एक गोष्ठी में कही। बाबा साहब डाक्टर भीमराव रामजी मेडिकल कालेज में बुधवार को योग को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रहे प्राचार्य डाक्टर सीपी पाल ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मानसिक रोग विभाग के सीनियर डाक्टर विवेक ने बताया कि योग एक प्राचीन भारतीय अभ्यास है, जो मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के साथ शरीर को शक्तिशाली बनाता है। योग मन को शांत और तनाव को कम करने के लिए शारीरिक मुद्राओं आसन, श्वांस तकनीक प्राणायाम और ध्यान को जोड़ता है। नियमित योग अभ्यास कोर्टिसोल जैसे तनाव हार्मोन को संतुलित करके चिंता, को दूर करने के साथ भावनात्मक संकट को कम करने में मदद करता है। इस मौके पर डॉ. मोहित तिवारी, सीएमएस डॉ. दिलीप सिंह, डॉ. विपुल सिंह समेत अन्य डाक्टर व छात्र मौजूद रहे।



तिर्वा क्रासिंग पर शर्बत वितरण करते भाविप के सदस्य। अमृत विचार

### ज्येष्ठ पूर्णिमा पर आस्था की डुबकी, जगह-जगह शर्बत वितरण

**कन्नौज।** ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर आस्थावानों ने गंगा के मेहंदीघाट पहुंचकर डुबकी लगाई और दान पुण्य किया। इसके साथ ही जिले भर में कई स्थानों पर लोगों ने ज्येष्ठ की दोपहरी में स्टाल लगाकर शर्बत वितरण भी किया। बुधवार को ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। इस मौके पर स्थान स्थान पर लोगों ने गंगा के घाटों में पुण्य की डुबकी लगाई। इसके साथ ही जिले भर में धार्मिक आयोजनों का दौर जारी रहा। शहर समेत समूचे जनपद पर सामाजिक संस्थाओं के साथ अन्य लोगों ने भी सड़क किनारे स्टाल लगाकर लोगों में शर्बत वितरण किया। इस क्रम में भारत विकास परिषद की तरफ से तिर्वा क्रासिंग, अन्य संस्थाओं की तरफ से मकरंदनगर तिराहा, गैस एजेंसी क्रासिंग के निकट, सरायमीरा बाईपास आदि स्थानों पर शीतल पेय का वितरण कर राहगीरों को राहत देने का प्रयास किया गया।

# ‘इंटरनेट पर देख कर न लें होम्योपैथिक दवा’

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति में बिना विशेषज्ञ की सलाह के दवाइयों का सेवन करना कई बार यह शरीर के लिए हानिकारक भी हो सकता है। यह जानकारी होम्योपैथ सहायक चिकित्सक डॉ. योगेश शर्मा ने दी और होम्योपैथी उपचार को लेकर बढ़ रही ग़लत धारणाओं पर चिंता जताई।



डा. योगेश शर्मा।

डॉ. शर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में इंटरनेट और यूट्यूब पर होम्योपैथिक दवाओं को लेकर बहुत सारी जानकारियां मौजूद हैं। लेकिन अधिकतर जानकारी व्यावसायिक उद्देश्य से बनाई जाती है। लोग बिना चिकित्सकीय परामर्श के इन दवाओं का सेवन कर लेते हैं। इससे उन्हें एग्रावेशन यानी बीमारी के लक्षणों में तीव्रता जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। होम्योपैथी में दवा का चयन मरीज के मानसिक स्थिति, प्रकृति (ठंडी या गर्म प्रवृत्ति), प्यास, भूख, व्यवहार, और विशेष लक्षणों के आधार पर किया जाता है। एक ही बीमारी के दो मरीजों को अलग-अलग दवाइयां दी जा सकती हैं। हर व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक बनावट भिन्न होती है। बिना संपूर्ण केस हिस्ट्री लिए दवा देना या लेना इस प्रणाली के मूल सिद्धांतों के विरुद्ध है। आमजन से अपील की है कि होम्योपैथिक दवा का सेवन केवल पंजीकृत और अनुभवी डॉक्टर की सलाह पर ही करें।

# एक्सप्रेस वे पर दुर्घटनाओं में ट्रक चालकों समेत सात घायल

संवाददाता सौरिख,कन्नौज

- चालक को झपकी आने से आगे चल रहे वाहन से टकराया ट्रक
- मथुरा जा रहे थे स्कॉर्पियो सवार, डीसीएम ने मार दी टक्कर

**अमृत विचार।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर चालक को झपकी आने के कारण ट्रक आगे चल रहे अज्ञात वाहन से टकरा गया। दूसरी घटना में स्कॉर्पियो सवार मथुरा जा रहे थे तो डीसीएम ने टक्कर मार दी। दोनों घटनाओं में कुल सात लोग घायल हो गए।

राजस्थान के भीलवाड़ा जनपद के थाना टनडेल गोगलपुरा निवासी राकेश पुत्र लक्ष्मण एवं सहचालक धर्मराज पुत्र जलन निवासी छपरा थाना टनडेल नासिक से महिंद्रा की थार कार लोड करके फैजाबाद जा रहे थे। जैसे ही उसका ट्रक आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे किलोमीटर 154 पर पहुंचा तभी ट्रक चालक राकेश कुमार को झपकी आ गई और आगे चल रहे अज्ञात वाहन से जोरदार टक्कर हो गई। इसमें चालक एवं सहचालक को गंभीर चोटें आ गई। सूचना पर पहुंचे सहायक सुरक्षा अधिकारी आर पी कनौजिया एवं सुरक्षा कर्मचारियों ने घायलों को गाड़ी से निकाल कर हाईवे एंबुलेंस से मिनी पीजीआई सैफई भर्ती कराया। हाइड्रा की मदद से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को टोल प्लाजा पर खड़ा कर यातायात का बहाल कर दिया गया।

यह घटना मंगलवार की रात्रि 12:30 बजे की बताई गई है। दूसरी घटना में लखनऊ की तरफ से डीसीएम आम लोडकर आगरा की तरफ जा रही थी। जैसे ही डीसीएम सौरिख थाना क्षेत्र के किलोमीटर संख्या 158 पर पहुंची ही थी कि तभी चालक को झपकी आ गई। इससे आगे चल रही स्कॉर्पियो में जोरदार टक्कर मारती हुई डीसीएम अनियंत्रित होकर डब्लू एरिया में चली गई। इससे स्कॉर्पियो में सवार जनपद मथुरा के थाना कोसीकला निवासी नरेंद्र सिंह पुत्र थान सिंह, उनकी पत्नी रुक्मणी, बेटी सोनिया एवं संजना तथा भतीजा चिराग पुत्र हरकेश घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा की टीम ने एंबुलेंस से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया और क्षतिग्रस्त वाहन को 154 टोल पर खड़ा कराया गया वही डीसीएम की जानकारी की गई तो चालक परिचालक मौके से फरार हो गए।

# पंखा ठीक करते लगा करंट ,युवक की मौत

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज।

**अमृत विचार।** घर में रखे फर्राटा पंखा ठीक करते समय युवक करंट की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई।



राघवेंद्र सिंह।

प्रेमपुर चौकी क्षेत्र के गांव डालूपुर का रहने वाला राघवेंद्र सिंह उर्फ भूरे पुत्र राजेन्द्र सिंह राठौर माता- पिता की मौत के बाद घर में अकेले रहता था। मंगलवार की रात घर में सो रहा था। तभी अचानक फर्राटा पंखे में खराबी आ गई। भीषण गर्मी के चलते वह खुद सही करने का प्रयास करने लगा। तभी करंट की चपेट में आ गया और बेहोश होकर गिर पड़ा। किसे के न होने से रात भर घर में पड़ा रहा। सुबह काफी देर तक घर से न निकलने पर लोगों ने दरवाजे खोल कर देखा तो वह मृत पड़ा था। लोगों ने घटना की सूचना दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी कर रहे बड़े भाई पवन व संतराम को सूचना दी।

# लोहिया तिराहे पर लगा वाटर कूलर दिखावा



लोहिया चौराहे पर लगाया गया नगर पालिका का वाटर कूलर। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- वाटर कूलर लगा कर बिजली का कनेक्शन कराना भूला
- खाली बोतल लेकर लौट रहे प्यासे

**अमृत विचार।** लोहिया चौराहे यातायात बूथ के निकट नगरपालिका की ओर से लगाया गया वाटर कूलर दिखावा बना है। वाटर कूलर लगाने के बाद बिजली कनेक्शन नहीं कराया गया। इससे लोग पानी लेने को पहुंचते तो उनको खाली बोतल लेकर वापस होना पड़ता है।

भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को ठंडा व शुद्ध पानी पिलाने के लिये लोहिया तिराहे पर वाटर कूलर लगाया गया है। इसे लगे करीव एक सप्ताह बीत चुका है पर अभी तक बिजली की कनेक्शन नहीं किया गया है। पानी तो टंकी में भरा है पर मशीन चालू न होने से किसी तरह का पानी नहीं निकल रहा है।

वाटर कूलर को देख कर प्यासे लोग पानी पीने के लिये इस के पास पहुंचते तो टंकी से पानी बहता तो दिखता है पर टोटी से पानी की एक बूंद नहीं निकलती। बुधवार को एक महिला अपनी बोतल लेकर वाटर कूलर के पास पहुंची। बोतल में भरे गर्म पानी को उसने जमीन पर गिराने के बाद वाटर कूलर की टोटी से ठंडा पानी भरने के लिये टोटी खोली तो उस में एक बूंद पानी नहीं निकला। इससे महिला मायूस हो कर चली गई। इसी तरह के लोग पूरे दिन इस वाटर कूलर के पास आते रहते पर उनको मायूस होना पड़ता।

इस संबंध में स्थानीय निवासी अनिल कुमार वैश्य ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंच कर ईओ नगर पालिका श्यामेंद्र मोहन चौधरी से शिकायत की थी तो उन्होंने कहा कि वाटर कूलर अभी लगाया गया है। पूरी फिटिंग नहीं की गई है। जल्द ही फिटिंग करा दी जायेगी।

**निरीक्षण** कोरोना के दौर में बने कोविड वार्ड का प्राचार्य ने किया निरीक्षण , दिए कई जरूरी निर्देश

# कोविड को लेकर मेडिकल कॉलेज प्रशासन अलर्ट

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** देश में सामने आ रहे कोविड के मामलों को देखते हुए मेडिकल कॉलेज प्रशासन सतर्क हो गया है। प्राचार्य ने कोरोना के दौर में बनाए गए वार्डों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्था पूर्ण रखने के निर्देश दिए।

भीषण गर्मी के दौरान बढ़ रहे वायरल संक्रमण के साथ देश में कई जगहों पर कोविड के मरीज मिलने से सरकार ने स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। इस पर मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दीं। बुधवार को प्राचार्य डा. सीपी पाल ने पूर्व कोविड संक्रमण के दौरान रोगियो के उपचार के लिए बनाए गए वार्डों को खुलवाकर निरीक्षण किया।





मेडिकल कॉलेज का प्रशासनिक भवन। अमृत विचार

साफ सफाई कराने के साथ सभी प्रकार की व्यवस्था पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्राचार्य ने बताया कि कई जगहो पर कोविड संक्रमण के मरीज मिल चुके है। अगर यहां कोई मरीज मिलता है तो उसे भर्ती कर तत्काल उपचार कराया जा सके, इसको लेकर व्यवस्था पूर्ण की जा रही है। बताया कि कालेज में पीजी डाक्टर के आने के बाद डाक्टर की समस्या नही रहेगी। पीजी छात्र मरीजो की देखभाल अच्छे से कर सकेगे।

### कॉलेज को मिलीं 50 आउटसोर्स नर्स

**तिर्वा।** भीमराव रामजी अंबेडकर मेडिकल कालेज में नर्स की कमी थी। कॉलेज प्रशासन की मांग पर शासन ने कार्यदायी संस्था को आउटसोर्सिंग के तहत नर्स देने के निर्देश दिए। संस्था ने 50 नर्स दे दी हैं। प्राचार्य डाक्टर सीपी पाल ने बताया कि एक-दो दिन में सभी नियुक्ति नर्स अपना काम संभाल लेंगी। तीन माह बाद शासन से स्थायी नर्स भी मिल जाएंगी।

# 31 अगस्त तक मछली के शिकार पर प्रतिबंध लगा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 15 जुलाई से 30 सितंबर तक मत्स्य जीरा व अंगुलिका के पकड़ने व बिक्री पर रोक

**अमृत विचार।** जिला मजिस्ट्रेट आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने उ.प्र. मत्स्य अधिनियम 1948 की धारा 3 के तहत नदियों में पहली जून से 31 अगस्त तक मछली के शिकार पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

बताया गया है कि यह आदेश उन सभी तालाबों, नदियों की समस्त जल धाराओं पर प्रभावी होंगे जो कन्नौज जनपद की सीमा में हैं और जिला मजिस्ट्रेट की ओर से व्यक्तिगत अथवा धार्मिक नहीं घोषित किए गए हों। साथ ही यह भी निर्देश दिए हैं कि जनपद में स्थित गंगा नदी, काली नदी, ईशन नदी, पांडु नदी, अरिंद नदी में 01 जून से 31 अगस्त तक मत्स्य आखेट/ शिकारमाही प्रतिबंधित रखा जाए। कोई भी व्यक्ति विस्फोटक पदार्थ अथवा कृषि रक्षा एवं व्यापारिक कार्य मंग प्रयुक्त होने वाले विषैले रसायन से मछली नहीं मारेगा।

इसके अलावा कोई भी व्यक्ति 15 जुलाई से 30 सितंबर तक मत्स्य जीरा तथा अंगुलिका (2 से 10 इंच) तक न तो पकड़ेगा और न ही बेचेगा। 01 जुलाई से 31 अगस्त तक प्रजननशील मछलियों का शिकार भी नहीं करेगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मेरा बीए तृतीय वर्ष,सत्र 2022–23, अनुक्रमांक – 2040580 011373 का अंक पत्र वास्तव में खो गया है। **रवि शंकर कोरी पुत्र भागीरथी कोरी, पता – ग्राम – मोहद्दीनपुर, पोस्ट – भदोही, जिला – प्रतापगढ़ (उ.प्र.)।**

**सूचना**

मेरा बीएससी प्रथम,द्वितीय व तृतीय वर्ष, सत्र – 2021 – 22 अनुक्रमांक – 1940580041099 का अंक पत्र वास्तव में खो गया है। **दीक्षा सिंह पुत्री हरगोविंद सिंह पता –ग्राम/पोस्ट – पूरे केशवराय, प्रतापगढ़ (उ.प्र.)**

**सूचना**

मैं अर्चना द्विवेदी पत्नी उदय शंकर नि. 257 ख निशानिया पैकोली, भाटपार रानी भींगारी बाजार देवरिया, शादी के बाद अपना नाम बदलकर अर्चना रख लिया है जो कि मेरे सभी दस्तावेजों में दर्ज है भविष्य में हमें अर्चना के नाम से ही जाना पहचाना जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का सही नाम हर्ष मिश्रा पुत्र अजय कुमार मिश्रा है जो उसके शैक्षिक अभिलेखों में अंकित है। त्रुटिवश मेरे पुत्र के आधार (संख्या – 2093 4787 6673) में उसका नाम सार्थक मिश्रा अंकित हो गया है। जो कि उसका घरेलु नाम है। भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम हर्ष मिश्रा पुत्र अजय कुमार मिश्रा के नाम से जाना व पहचाना जाए। एतदद्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई हैं। **अजय कुमार मिश्रा पुत्र स्वर्गीय – लक्ष्मी नारायण मिश्रा मोहनलाल गंज लखनऊ (उत्तर प्रदेश)**

**सूचना**

मै दिनेश शर्मा पुत्र श्री धर्मवीर शर्मा निवासी ई 2/120– 2/121 सेक्टर एल, कानपुर रोड योजना, एल डी ए कालोनी लखनऊ सूचित करता हूं कि, मेरे मकान संख्या ई 2/120 का कब्जा और आवंटन पत्र एवं ई 2/121 का कब्जा पत्र कहीं खो गया है। इसका उपयोग करना गैरकानूनी है, अतः जिस भी व्यक्ति को यह प्रपत्र प्राप्त हों, वो उपरोक्त पते पर पहुंचाने की कृपा करें।

**सूचना**

मैं अपने बड़े पुत्र शिवम एवं उनकी पत्नी ज्योति व दूसरे नंबर के पुत्र राज को उनके गलत आचरण के चलते तीनों लोगों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए लेनदेन व किसी प्रकार की क्रियाकलापों व (कृत्य) के प्रति हम उत्तरदाई नहीं होंगे। **सुभाष चक्रवर्ती पुत्र मेवाराम ग्राम ऐरवा टीकुर (पछेला) थाना ऐरवा कटरा जिला (औरैया)।**

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे आधार कार्ड में आशा देवी है तथा वोटर आईडी कार्ड में गीता है जबकि गीता एवं आशा देवी दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। मेरा नाम गीता सत्य व सही है। कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। **गीता पत्नी उदयभान ग्राम विशुनपुरखुर्द धमरैया परगना ग्वारिच तहसील करनैलगंज जनपद गोंडा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पिता संजय कुमार पुत्र विजय कुमार दिनांक 02.09.2011 से कहीं चले गये हैं तबसे वह घर वापस नहीं आये हैं। **रीता चौधरी पुत्री संजय चौधरी निवासिनी 548घा/70 तेजीखेड़ा, मानकनगर, लखनऊ।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम MOHAMMAD SUHAIL AKHTER पुत्र दिलशाद हुसैन जाफराबाद पोस्ट जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर है।जो कि आधार कार्ड समेत अन्य अभिलेखों में दर्ज है। परंतु मेरे पासपोर्ट नम्बर E 2191426 में त्रुटिवश MOHAMMAD SUHEL AkHTAR पुत्र दिलशाद हुसैन दर्ज हो गया है,जो कि गलत है। मुझको मेरे सही नाम से जाना एवं पहचाना जाए। **MOHAMMAD SUHAIL AKHTER पुत्र दिलशाद हुसैन 421 जाफराबाद पोस्ट जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर 224149**

**सूचना**

मैने अपने बेटे अजितेश सिंह के नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम से एक पालिसी ली थी, पालिसी संख्या 268258448 है। यह पालिसी मैने दिनांक 26.05.2023 को ली थी, अब सभी अभिलेखीय रिकार्ड में अजितेश सिंह का नाम हर्षवर्धन सिंह कर दिया है। अतः अब हर्षवर्धन सिंह से जाना पहचाना जाएगा। **धनंजय प्रताप सिंह निवासी ग्रा व पो. सिसई बेलसर गोंडा।**

**सूचना**

मेरा बड़ा लड़का रामजी व उसकी पत्नी शशी मेरे परिवार से अलग रहते हैं। उनके किसी कार्य से मेरा कोई लेना–देना नहीं है। दोनों को चल –अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। **सुरेश सिंह पुत्र स्व0 हरनाम सिंह, नि0 राजपुर म0 बैरी दरियाव तह0 मैथा जनपद कानपुर देहात।**

**सूचना**

सूचित किया है कि ग्राम पंचायत गोड़वा वीशुनपर पोस्ट अटेसुआ थाना दही निवासी रामू पुत्र हीरालाल दिनांक 16 फरवरी 1990 को गांव से लापता हो गए थे। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल सका। वह जहां कहीं भी हों घर आने का कष्ट करें। **आपके भाई भुल्लन व सर्वेश कुमार ग्राम सभा गोड़वा वीशुनपर पोस्ट अटेसुआ थाना दही जनपद उन्नाव।**

**सूचना**

मैं अमरनाथ पाण्डे पुत्र कन्हैया लाल पाण्डे निवासी ग्राम पूरे मंशा मजरे किठवा थाना व तहसील सलोन जिला रायबरेली का निवासी हूं। मेरे सबसे छोटे पुत्र दुर्गेन्द्र पाण्डे व उनकी धर्म पत्नी प्रमिला पाण्डे आए दिन लड़ाई झगड़ा किया करते हैं, जिससे पीड़ित होकर मैं अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए कृत्यों का मेरा और मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई सरोकार नहीं होगा।

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
• आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
• डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
• पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
• नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढी नाक, टॉन्सिल्स)
• हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

### आज का मौसम

गुरुवार को धूप निकलने के साथ बादलों की आवाजाही रहने की संभावना है। उमस भरी गर्मी जारी रहेगी।

| 41.0° | 32.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:05 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# जामुन का पेड़ टूटकर गिरा, आधे तहसील की बिजली गुल

## मंगलवार की रात तार पर टूट कर गिरी बड़ी टहनी, पोल भी धराशाई, पुराने एनआईसी भवन में छा गया अंधेरा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** तहसील सदर परिसर में पिछले हिस्से में खड़ा जामुन का पेड़ टूटकर गिर गया। इसकी चपेट में आकर बिजली का पोल व तार भी धराशायी हो गए। इससे आधे तहसील परिसर के कार्यालयों की बिजली गुल हो गई। पूर्ति समेत कई विभागों में काम ठप हो गया। भीषण गर्मी में कर्मचारी परेशान हो गए।

बताया गया है कि मंगलवार की रात में जामुन के पेड़ का एक हिस्सा टूटकर नीचे आ गिरा। फसल का सीजन होने की वजह से इन दिनों अधपकी जामुन भी उसमें लगी है। पेड़ की बड़ी टहनी गिरने से बिजली का खंभा भी तार समेत नीचे आ गया। मीटर भी जमीन पर गिर पड़ा। चारों ओर तार पसर गए। सूचना पर अगले दिन बुधवार दोपहर में बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे।

उन्होंने दूसरा पोल लगाया। खबर लिखे जाने तक पुराने एनआईसी भवन में चल रहे जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय में अंधेरा था। पंखे व कूलर सब बंद थे। इंवर्टर बैटरी का बैकअप खत्म हो जाने की वजह से सिस्टम व पंखे पूरी तरह बंद हो गए। इधर कुछ दिनों से गर्मी भी खूब हो रही है। भीषण गर्मी में जब कर्मियों से रहा नहीं गया तो वह इधर-उधर निकल गए। दोपहर तक बिजली के तार लगाने व आपूर्ति बहाल करने का काम चल रहा था। बताया गया है कि पुराने एनआईसी भवन में नगर क्षेत्र का सीडीपीओ कार्यालय, सहायक अभिलेखागार आदि के दफ्तर भी हैं। यहां भी दिक्कतें उठानी पड़ीं। कर्मियों व अधिकारियों के आवास भी बने हैं। दूसरी ओर तहसील भवन के ज्यादातर कार्यालयों में बिजली आपूर्ति हुई।

● पूर्ति विभाग समेत कई विभागों में काम ठप हो गया


पुराने एनआईसी भवन के बाहर जमीन पर पड़ा बिजली मीटर व खंभा। अमृत विचार



जिला पूर्ति कार्यालय में बिजली न आने से बंद पंखे व खाली पड़ी कुर्सियां। बिजली के टूटे पोल के स्थान पर नया खंभा लगाती मशीन।

### हीटवेव से अज्ञात युवक की मौत

**कन्नौज।** एक अज्ञात व्यक्ति बेहोशी की अवस्था में मकरंदनगर स्थित पेट्रोल पंप के पास रेलवे लाईन व जीटी रोड की बीच में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची मकरंदनगर चौकी पुलिस ने एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया जहां पर डाक्टर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया। इस संबंध में चौकी इंचार्ज ने बताया कि मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रथम दृष्टया युवक की मौत हीटवेव की चपेट में आने से हुई लगती है, यद्यपि स्थिति पोस्टमार्टम के बाद ही साफ होगी।

# तापमान 1 डिग्री लुढ़का, पुरवा ने बढ़ाई उमस

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** आज से हिंदी महीना आषाढ़ की शुरुआत हो रही है। इसके साथ ही गर्मी का कहर कम होने का नाम नहीं ले रहा है। अधिकतम तापमान में 01 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई लेकिन पुरवाई हवा चलने से उमस के कारण लोग बिलबिला उठे। फिलहाल शुक्रवार तक गर्मी से राहत मिले के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग की मानें तो 25 जून के बाद मानसूनी बारिश के आसार बन रहे हैं।

● शुक्रवार तक सताएगी गर्मी, 25 के बाद मानसूनी बारिश के आसार

बुधवार को सुबह से ही भीषण उमस रही जिसका प्रकोप सूरज के निकलने और दिन चढ़ने के साथ और बढ़ गया। पूर्वी हवा चलने के साथ बादलों की भी आवाजाही रही जिस कारण उमस भरी गर्मी लोगों को पूरे दिन परेशान करती रही। कूलर-पंखे राहत देने में पूरी तरह से फेल होते रहे। कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि अधिकतम तापमान 42 जबकि न्यूनतम 32 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। भले ही अधिकतम तापमान 42 पर रहा लेकिन इसने गर्मी का अहसास 46 डिग्री जैसा कराया। इसके साथ ही आर्द्रता प्रतिशत 42 रहा जबकि पूरवाई 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलती रही। बादलों के कारण उमस बढ़ी रही और आगामी दो से तीन दिन इसी प्रकार का मौसम रहने की संभावना है। मानसूनी बारिश की स्थिति 25 जून के बाद बन रही है। हालांकि शनिवार को मौसम में कुछ बदलाव के साथ बूंदाबांदी हो सकती है।

## छुट्टियों में कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण कराएंगे प्रधानाध्यापक

**कन्नौज।** परिषदीय स्कूलों के अध्यापकों की अंतः जनपदीय पारस्परिक तबादला सूची जारी हो चुकी है। 15 जून तक गर्मियों की छुट्टियां भी हैं। संबंधित प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए गए हैं कि सूची में आए शिक्षकों को 15 जून तक कार्यमुक्त कर कार्यभार ग्रहण कराएं।

जनपद में 75 जोड़े शिक्षक-शिक्षिकाओं को जिले के अंदर पारस्परिक तबादले का लाभ मिला है। जो सूची जारी हुई है उसमें कुछ ऐसे भी नाम हैं जिन्होंने अपने ही ब्लॉक क्षेत्र में महज स्कूल ही बदला है। कई अध्यापकों ने विकास खंड भी बदल लिए हैं। बीएसए संदीप कुमार ने जारी किए आदेश में बताया है कि पारस्परिक स्थानांतरण के दायरे में आए शिक्षक हर हाल में 15 जून तक अपने विद्यालय से कार्यमुक्त होकर नए स्कूल में कार्यभार ग्रहण कर लें।

साथ ही सभी संबंधित प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए गए हैं कि 10 से 15 जून के बीच स्कूल में उपस्थित होकर स्थानांतरित शिक्षकों को स्कूलों से कार्यमुक्त एवं कार्यभार ग्रहण कराएं। बीईओ से भी कहा गया है कि मानव संपदा पोर्टल व प्रेरणा पोर्टल पर शिक्षकों का ब्योरा अपडेट कर दें।

### एक नजर

#### बिजली घर तैयार, उपकरण न होने से संचालन लटका

**तिर्वा।** किसानों के साथ-साथ आम आदमी को बिजली आपूर्ति अच्छी मिल सके इसके लिए उमर्दा के सुखी गांव में इमारत बनकर तैयार है। दिक्कत यह है कि अभी तक उपकरण नहीं लग सके हैं जिससे इसका संचालन लटका है। थाना इंदरगढ़ के उमर्दा स्थित सुखी गांव समेत आस पास के गांव के किसानो को अच्छी और समय पर बिजली मिल सके इसके लिए सुखी कस्वे में छः करोड़ 33 केवीए का बिजली फीडर निर्माणाधीन है। पिछले साल अगस्त में शुरू हुआ निर्माण कार्य दिसंबर में पूरा होना था। करीब नौ माह बाद इमारत बनकर तैयार हो गई है। अब खंभों के साथ अन्य उपकरण समय पर नहीं लग पा रहे जिससे सप्लाई नही चालू हो पा रही। एसडीओ कुलदीप सिंह ने बताया कि खंभे लग रहे हैं। अभी अन्य समान का इंतजार हो रहा है। सामान आने के बाद काम शुरू हो जाएगा।

#### आज सम्मानित होंगे मेधावी, दो लखनऊ पहुंचे

**कन्नौज।** कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में 12 जून को सुबह 11 बजे से यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट पास कर चुके 24 मेधावियों को टैबलेट व प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में जिले की प्रभारी/ उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, सदर विधायक असीम अरुण, छिबरामऊ की अर्चना पांडेय व तिर्वा के कैलाश राजपूत को आमंत्रित किया गया है। इसमें डीएम, एडीएम, सीडीओ भी शामिल होंगे। बताया गया है कि मेधावियों को 21-21 हजार रुपये, टैबलेट, प्रमाण पत्र व मेडल दिए जाएंगे। इसके अलावा आज ही लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में यूपी बोर्ड व संस्कृत बोर्ड के जिले के एक-एक मेधावी छात्र को 1-1 लाख रुपये, टैबलेट, प्रमाण पत्र व मेडल मिलेंगे।

# पुलिस भर्ती में सफल हुए 23 अभ्यर्थी सम्मानित

संवाददाता सौरिख,कन्नौज

**अमृत विचार।** कस्बे के नादेमऊ रोड स्थित गुरु पाठशाला में पुलिस भर्ती में सफल हुए 23 अभ्यर्थियों को विधायक ने शील्ड व माला पहना कर सम्मानित किया।

बुधवार को क्षेत्रीय विधायक कैलाश राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मंजेश पाल, जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र शाक्य एवं भाजपा महिला संघ से बबीता सिंह ने पाठशाला पहुंचकर सर्वप्रथम सोनू गुरु एवं उनकी टीम का सम्मान किया। बाद में सफल हुए 23 अभ्यर्थियों को सम्मानित किया। इस दौरान विधायक ने कहा, सफलता में जितनी मेहनत बच्चों की होती है उतनी ही माता पिता और गुरु की होती है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने भी बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शंकरपुर गांव से चयनित अनुपम शाक्य ने कस्बे में लाइब्रेरी खोले जाने की मांग की जिस पर विधायक ने जल्द खुलवाने का भरोसा दिया। इस दौरान चयनित अभ्यर्थी स्वेता शाक्य, अभिनव शाक्य, आनंद शाक्य, सुरजीत शाक्य, सचिन शाक्य, विकास राजपूत, विकास शाक्य, शिवम् दिवाकर, सोनू यादव, उमेश यादव, सचिन प्रताप सिंह, सुधांशु यादव, सत्यम राठौर, उमेश कुमार के अलावा अध्यापक सतेंद्र शाक्य, मोनू पाल समेत अभ्यर्थियों के परिजन मौजूद रहे।


सम्मानित अभ्यर्थियों के साथ विधायक कैलाश राजपूत व संस्था संचालक।

# राजस्व का ग्राफ गिरा... विकास सुधरा तो संयुक्त रैंक आई 33

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सीएम डैशबोर्ड यानि दर्पण पोर्टल पर मई की रैंक जारी हो गई है। बताया गया है कि राजस्व विभाग की प्रगति खराब हुई है। विकास की योजनाओं में सुधार आया है जिस वजह से जनपद की संयुक्त रूप से रैंक 33वीं आई है।

विकास व राजस्व विभाग की संयुक्त रूप से रैंक 33 आई है जिसमें 10 के सापेक्ष 8.58 फीसदी अंक मिले हैं। विकास विभाग के 8.76 प्रतिशत अंकों के साथ रैंक 45 और राजस्व के 8.32 फीसदी नंबरों के साथ रैंक 30 आई है। जारी हुई सूची के मुताबिक आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स का डिजिशक्ति योजना में बी श्रेणी व 6 अंक मिले हैं। खाद्य एवं रसद विभाग का गेहूं खरीद योजना में 4 अंक व सी श्रेणी मिली है। नगर विकास एवं गरीबी उन्मूलन में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में बी ग्रेड व 8 अंक मिले हैं। राजस्व का अभिलेख त्रुटि सुधार धारा-38 (2) में 8 अंक व बी श्रेणी, राजस्व का ही आरसीसीएमएस डैशबोर्ड में 7 अंक व बी श्रेणी, कुर्रा बटवारा धारा 116 में 8 अंक व बी श्रेणी, नामांतरण धारा 34 में 5 अंक व सी ग्रेड, पैमाइश धारा 24 में 4 अंक व सी श्रेणी, भू आवंटन पट्टा डैशबोर्ड में शून्य अंक व डी श्रेणी, वसूली प्रमाण पत्र में 7 अंक व बी श्रेणी, स्वामित्व डैशबोर्ड में 8 अंक व बी श्रेणी, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति में 3 अंक व सी श्रेणी, लोक शिकायत में जनसुनवाई यानि आईजीआरएस में 2 अंक व डी श्रेणी, वित्त में सरकारी कर राजस्व समेकित में 3 अंक व सी श्रेणी, सरकारी गैर कर राजस्व समेकित में 4 अंक व सी श्रेणी आई है।

### जिले की मार्च, अप्रैल में आई रैंक

| विभाग | माह | रैंक | माह | रैंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्व व विकास विभाग (संयुक्त) | अप्रैल | 48वीं | मार्च | 36वीं |
| विकास विभाग | अप्रैल | 66वीं | मार्च | 54वीं |
| राजस्व विभाग | अप्रैल | 21वीं | मार्च | 21वीं |

- सीएम डैशबोर्ड पर मई की रैंक जारी, 10 के सापेक्ष 8.58 फीसदी अंक मिले
- विकास विभाग के 8.76 प्रतिशत अंक व रैंक 45 और राजस्व के 8.32 फीसदी नंबर व रैंक 30 आई

# आग लगने से लाखों की गृहस्थी राख

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** घर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। इसमें घर में रखी लाखों रुपये की गृहस्थी जलकर राख हो गई। मौकड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

तालग्राम थाना क्षेत्र के गांव खानपुर कसावा की रहने वाली संतोष कुमारी के घर में मंगलवार की रात शार्ट सर्किट से आग लग गई। चीख पुकार सुनकर पड़ोस के लोग दौड़ पडे। बाल्टियों से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग के विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक घर में रखी लाखों रूपये की गृहस्थी जल गई। मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल शैलेन्द्र यादव ने मामले की पड़ताल करते हुए मुआवजा के लिए रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी।


जला घरेलू सामान देखते लोग।

**अनदेखी** वाटर कूलर बने शोपीस तो हैंडपंप पानी की जगह दे रहे हवा

# भीषण गर्मी में सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल का संकट

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी का दौर चल रहा है और ऐसे में सार्वजनिक स्थानों पर लगे वाटर कूलर समेत हैंडपंप पानी की जगह सिर्फ हवा दे रहे हैं। ऐसे में राह चलते लोगों को भीषण गर्मी के दौरान पीने का पानी तक नसीब नहीं हो पा रहा है। प्रशासन अंजान बना हुआ है जबकि लोग पेयजल संकट से परेशान हैं।

थाना इंदरगढ का उमर्दा विकसित कस्बा है। यहां पुलिस चौकी के साथ उप्र ग्रामीण बैंक, पशु अस्पताल, सीएचसी के साथ बड़ी बाजार भी है। कस्बे में सात मजरा जुड़े हुए हैं। प्रतिदिन हजारो लोग अपने घरेलू सामान की खरीदारी के साथ सरकारी कार्यालय में काम के लिए आते हैं। इनको पीने का ठंडा पानी मिल सके इसके लिए तत्कालीन भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने सत्र 23-24 में उमर्दा से सुखी जाने वाले मार्ग पर अपनी निधि के 10 लाख से एक वाटर कूलर लगवाया। ऐसे ही पुलिस चौकी के निकट ब्लाक से पांच लाख की लागत से वाटर कूलर लगवाया गया। इसी क्रम में बैंक के पास व मुख्य चौराहा पर हैंडपंप भी लगा है। खास बात यह है कि गर्मी का मौसम है और वाटर कूलर समेत हैंडपंप भी सूखा पड़ा है जिससे लोगों को पीने का पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। समस्या को लेकर ग्राम प्रधान व सचिव अंजान बने हुए हैं। स्थानीय लोगो ने कई बार ग्राम प्रधान व सचिव से उपकरणों को सही कराने की शिकायत की लेकिन अभी तक सुनवाई नहीं हुई है। इस संबंध में बीडीओ सोनिया श्रीवास्तव ने बताया कि अगर पानी के लिए लगे उपकरण खराब हैं तो जांच कराकर सही कराया जाएगा। जल्द ही आम लोगो को पानी का पानी मुहैया कराया जाएगा। अगर किसी की लापरवाही मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

● उमर्दा में पानी का संकट, लोग बेहाल, जिम्मेदार बेखबर




सांसद सुब्रत पाठक द्वारा लगवाया गया वाटर कूलर। पुलिस चौकी निकट खराब पडा वाटर कूलर। मुख्य चौराहा पर खराब पड़ा हैंडपम्प।

## वजीफा को 31 अगस्त तक करें आवेदन

**गुरसहायगंज।** श्रम कल्याण संगठन लखनऊ परिक्षेत्र द्वारा उत्तर प्रदेश के बीड़ी श्रमिकों के अध्ययनरत पुत्र एवं पुत्र शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा एक से 12 तक एवं उच्च डिग्री एवं व्यवसायिक कोर्स के लिए छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 अगस्त तक कर सकते हैं। यह जानकारी नगर के बीड़ी श्रमिक चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार गोला ने दी। बताया कि बीड़ी श्रमिकों के बच्चे छात्रवृत्ति के लिए माध्यमिक शिक्षा के लिए 31 अगस्त व उच्च शिक्षा के लिए 31 अक्टूबर तक आवेदन कर सकेंगे।


डॉ. मुकेश कुमार।

### सार-संक्षेप


एक्सप्रेसवे पर राज्यमंत्री का स्वागत करते भाजपाई। अमृत विचार

#### दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री का भाजपाइयों ने किया स्वागत

**सौरिख,कन्नौज।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर दोपहर के समय दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बृजेश शुक्ला का सौरिख कट पर नगर अध्यक्ष समेत भाजपाइयों ने 51 किलो की माला पहना कर जोरदार स्वागत किया। वहीं राज्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से गांव गांव जाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने की अपील की है। मंत्री के स्वागत को नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता एवं भाजपा नेता मंजेश पाल, भूपेंद्र शाक्य , लालू राजपूत, रोहित सविता, अनिल पाल, दीपू त्रिपाठी ,दीपू गुप्ता, छोटे राठौर, ध्रुव चौहान,वासु दुबे समेत सैकड़ो लोग एक्सप्रेसवे कट पर पहुंचे थे। राज्य मंत्री ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र सिंह मोदी के निर्देशन में उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं को गांव-गांव एवं हर गरीब और किसान तक पहुंचाएं। ऑपरेशन सिंदूर पर भी बात की।

# घरेलू हिंसा में त्वरित कार्रवाई करें अधिकारी

## उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान एवं सदस्य सुनीता सैनी ने की सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



महिलाओं की समस्या सुनतीं राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान।

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ बबीता सिंह चौहान एवं सदस्य सुनीता सैनी द्वारा महिला जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में की गई।

उन्होने अधिकारियों से उनके विभाग द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं की समीक्षा के साथ ही जानकारी प्राप्त की। इस दौरान 15 पीड़िताओं की जनसुनवाई की। जिसमें घरेलू हिंसा, दहेज हत्या, पॉक्सो, जमीनी विवाद से संबन्धित प्रकरणों की जन सुनवाई कर सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया। एक प्रकरण में नाराजगी व्यक्त करते हुए सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय को तत्काल एफआईआर दर्ज कराने को कहा। अध्यक्ष ने सभी अधिकारियों को अपने अपने विभाग की योजनाओं का अधिक से अधिक

- विभाग की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने को कहा
- 15 पीड़िताओं की समस्याएं सुनी, दिए निर्देश

प्रचार प्रसार करने को कहा। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों एवं विद्यालयों की स्थिति में सुधार न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर कहा कि स्वयं निरीक्षण कर समस्त सुविधा पूर्ण कराएं। समाज कल्याण अधिकारी रेनू से कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में फर्जी आवेदन करने वालों पर कार्यवाही करें।

इसके बाद अध्यक्ष और सदस्य ने जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चंद्र के साथ डॉ. राम मनोहर लोहिया संयुक्त चिकित्सालय महिला का निरीक्षण किया। बाद में जिला कारागार, फतेहगढ़ का निरीक्षण कर महिला बंदियों से मुलाकात कर उनका हालचाल लिया। महिला आयोग की अध्यक्ष ने फर्रुखाबाद जाते समय मार्ग में किसी दुर्घटना में घायल हुए बुजुर्ग को तुरंत अपने पुलिस एस्कार्ट वाहन से नजदीकी चिकित्सालय भेजकर त्वरित उपचार सुनिश्चित कराया।

राज्य महिला आयोग की सदस्य को आए हुए एक महीना भी नहीं हुआ लेकिन शिकायतें इतने अधिक हैं कि मुझे खुद ही यहां पर आना पड़ा है। इसलिए सुधार कर लीजिए ,आप लोग फील्ड में निकल कर काम कीजिए ।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी, तहसीलदार सदर, सीओ सिटी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी आदि लोग मौजूद रहे।

### स्कूल मर्ज करने की बात पर बिफरीं, बीएसए को फटकार

**फर्रुखाबाद ।** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ बबीता सिंह चौहान ने विकास भवन सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ जन सुनवाई और समीक्षा बैठक की, इस दौरान उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा एक स्कूल में 10 बच्चे होने पर उसे दूसरे स्कूल से मर्ज करने की जानकारी दी, इस पर उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर विरोध होने पर मर्ज नहीं हो सका,जिस पर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ बबीता सिंह चौहान ने बेहद कड़ी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि स्कूल को मर्ज करने की बात कैसे कह सकते हैं।अगर बच्चे कम आ रहे है, स्थानीय स्तर पर जागरूकता अभियान चलाइए, आंगनवाड़ी को जोड़िए, मर्ज करने का विचार अपने दिमाग से निकाल दो , मर्ज क्यों करोगे स्कूल ज्यादा खुलने चाहिए ज्यादा बच्चे आने चाहिए ड्रेस फ्री है खाना फ्री है सब व्यवस्थाएं आपके पास फ्री हैं ।

## टेंट कर्मी को 11 हजार लाइन से लगा करंट, गंभीर

**कायमगंज ।** कंम्पिल थाना क्षेत्र में एक युवक को बिजली का करंट लगने से उसकी हालत गंभीर हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव नारायणपुर निवासी विकेंद्र (20) टेंट का काम करता है। उसने अपना टेंट कंम्पिल क्षेत्र के गांव रैंद में एक कार्यक्रम में लगाया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह टेंट को खोल रहा था। जिस जगह पर टेंट लगा हुआ था उसी के ऊपर से ग्यारह हजार की विद्युत लाइन निकली हुई थी। युवक लोहे के पाइपों को ऊपर उठा कर निकाल रहा था। जैसे ही उसने टेंट का पाइप ऊपर उठाया तभी ऊपर से गुजरी 11 हजार की विद्युत लाइन से पाइप छू गया। जिससे विकेंद्र को जोरदार करंट लग गया। करंट लगते ही वह अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा। तभी गंभीर हालत में उसके अन्य साथियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया।

## टेंपो में डंपर की टक्कर से एक की मौत, दो घायल

संवाददाता, अमृतपुर

- फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग पर ग्राम कुतलूपुर के पास हादसा
- दो घायलों का लोहिया अस्पताल में चल रहा इलाज

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार दौड़ते वाहनों से आए दिन हादसे हो रहे हैं जिससे सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ काफी बढ़ता जा रहा है। बीते मंगलवार को देर शाम राजेपुर थाना क्षेत्र के फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग पर ग्राम कुतलूपुर के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने कटहल से भरे टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे टेंपो चालक विपिन शर्मा (20) की मौत हो गई। तथा टेंपो मे बैठे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



विपिन।

जानकारी के अनुसार विपिन अपने दो साथियों हरिओम और विकास (21) के साथ राजेपुर से कटहल लादकर वापस वापस लौट रहा था। तभी कुतलुपुर के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टेंपो मे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे टेंपो के परखच्चे उड़ गए। टक्कर लगते ही ग्रामीण भागकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर पहुंचाया। परिजनों ने बताया कि चिकित्सक की अनुपस्थिति मे मौजूद फार्मासिस्ट ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में इलाज के दौरान सुबह करीब 8:45 बजे विपिन की मौत हो गई। उसकी मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

## टेंपो पलटा , तीन घायल, एक की हालत गंभीर

**कायमगंज।** कंपिल थाना क्षेत्र में एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जनपद शाहजहांपुर के गांव पथरा खास निवासी राकेश (45) की 9 वर्षीय पुत्री यशोदा व बलवीर (30) जनपद कासगंज के थाना सहावर से टेंपो में बैठ कर अपने गांव जा रहे थे। जैसे ही टेंपो रुदायन स्टेशन के पास पहुंचा। तभी अचानक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। पलटते ही चीख पुकार मच गयी और आसपास के लोग उधर दौड़कर पहुंचे और टेंपो में दबे लोगों को बाहर निकाल कर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए यशोदा को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# मैथिल ब्राह्मण समाज जातीय जनगणना का पक्षधर : राज शर्मा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



मैथिल ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शर्मा बैठक को संबोधित करते हुए।

**अमृत विचार।** मैथिल समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शर्मा ने कहा कि मैथिल ब्राह्मण समाज जातीय जनगणना का प्रबल पक्षधर है और जनसंख्या के अनुपात में राजनीतिक अधिकार व भागीदारी की मांग करता है। उन्होंने कहा कि यदि राजनीतिक दल समाज को उसका हक नहीं देते हैं, तो संगठन 2027 का विधानसभा चुनाव अपने प्रत्याशियों के माध्यम से लड़ेगा। राज शर्मा ढिलावल स्थित एक सभागार में आयोजित मैथिल समाज की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज तक समाज को योजनाबद्ध तरीके से पीछे किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मैथिल

समाज वास्तव में ब्राह्मण गोत्र का एक हिस्सा है, लेकिन उत्तर प्रदेश में उसे ओबीसी श्रेणी में शामिल कर दिया गया, जबकि बिहार में यह ब्राह्मण समाज का अभिन्न अंग माना गया है।

उन्होंने मांग की कि उत्तर प्रदेश में भी समाज को उसकी वास्तविक पहचान और राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जाए। राज शर्मा ने कहा कि यदि सरकार और सत्ताधारी दलों ने समाज की बात नहीं सुनी तो गाजियाबाद से लेकर लखनऊ तक अधिकार यात्रा निकाली जाएगी।

उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में मैथिल समाज की आबादी एक लाख से लेकर दो लाख तक है, इसके बावजूद राजनीतिक भागीदारी से उन्हें वंचित रखा गया है। यह सामाजिक न्याय के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ है।

## सार-संक्षेप



संत कबीर की शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। • अमृत विचार

### धूमधाम से निकली संत कबीर के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा

**उरई।** संत सम्राट सद्गुरु कबीर साहब के जन्मोत्सव के उपलक्ष में कबीर चौराहा राठ रोड ओवर ब्रिज के नीचे कार्यक्रम किया गया। इसमें कबीर चौराहे से डीजे घोड़े बग्गियों चार पहिया, तीन पहिया वाहनों के द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा घंटाघर, मच्छर चौराहा, अंबेडकर चौराहा, बंबी रोड होते हुए कोरी कुटिया, करमेर रोड, टाउन हॉल स्टेशन रोड होते हुए कबीर चौराहे पर शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा के मार्ग में कोरी चबूतरा पर पानी कोल्ड ड्रिंक वितरित की गई। कबीर चौराहे पर साधु संतों द्वारा सदगुरु कबीर साहब के बीजक का पाठ और सतगुरु कबीर साहब के बारे में संतों के द्वारा जानकारी दी गई।कार्यक्रम में दहगुआ आश्रम से लखन दास साहेब, बम्होरी कलां आश्रम से रामदास साहेब, मुस्मरिया आश्रम से महताब साहेब ने कबीर साहेब के विचारों को सभी को बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सांसद नारायणदास अहिरवार ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोद वर्मा ऐर संस्थापक अध्यक्ष कोरी चबूतरा विकास ट्रस्ट, मोतीलाल वर्मा पूर्व सभासद, रामदास वर्मा, शम्भूदयाल पूर्व कमिश्नर, राजेंद्र वर्मा पुर अध्यक्ष नवयुवक कोरी समाज, रामप्रकाश वर्मा मुखिया, रेखा वर्मा, पूर्व सभासद संतोष वर्मा जीनू, दीपू वर्मा सभासद आदि उपस्थित रहे।

### निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**उरई ।** उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर विद्युत कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन बुधवार को भी जारी रहा। इस दौरान निजीकरण के खिलाफ नारेबाजी की गई। सरकार से निजीकरण के प्रस्ताव पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की।जिलाध्यक्ष जगदीश वर्मा ने कहा कि पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का प्रयास किया जा रहा है। पिछले 6 माह से विद्युत कर्मचारी इस मुद्दे को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। बावजूद इसके सरकार का ध्यान आकृष्ट नहीं हो रहा है। संघर्ष समिति ने आगामी 22 जून को लखनऊ में किसानों, आम उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों की संयुक्त महापंचायत बुलाई है। जिसमें निजीकरण रद्द कराने हेतु आंदोलन की साझा रणनीति का ऐलान होगा। इस मौके पर अधिशासी अभियंता जीतेन्द्र नाथ भरती, एमएन भारती, उपखण्ड अधिकारी गौरव गुप्ता, सूरज सोनी, ऋषभ राजपूत, निखिल जिंदल, संजय कुमार, अलोक खरे, देवेंद्र सिंह, राकेश सिंह, मोहम्मद शफीक, गौरव कुमार, पूनम वर्मा , कुसुमलता, अंकित साहनी, अमान पांडेय, नवीन कंजोलिया, सत्यप्रकाश, प्रिंस गुप्ता, राहुल साहू, रवि यादव, रवि कुशवाहा, खगेश कुशवाहा, श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे।

### बाढ़ आपदा से निपटने के लिए की बैठक

**अमृतपुर।** बाढ़ की संभावित आपदा को देखते हुए राजेपुर थाना अध्यक्ष ने संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक की। थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन बाढ़ से होने वाली जनहानि और नुकसान को रोकने के लिए पूर्व से तैयारियां कर रहा है। बैठक में ग्रामीणों को आपदा प्रबंधन और आपातकालीन स्थितियों से निपटने के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। थानाध्यक्ष ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संवेदनशील गांवों की पहचान कर लें और वहां विशेष निगरानी रखें। साथ ही राहत और बचाव कार्यों के लिए आवश्यक संसाधनों की समय से उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि आपदा की स्थिति में सेना एनडीआरएफ, प्रशासन स्वास्थ्य और पुलिस विभागों के बीच बेहतर तालमेल आवश्यक है। तभी प्रभावी और समयबद्ध बचाव कार्यों को अंजाम दिया जा सकेगा। ग्रामीणों से भी सहयोग की अपील करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि बाढ़ के समय अफवाहों से बचें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। बैठक में मौजूद ग्राम प्रधानों ने प्रशासन को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक मे ग्राम प्रधान व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### किशोर की गंगा में डूबने से मौत, नहीं मिला शव

**फर्रुखाबाद ।** थाना कादरी गेट में अनुराग यादव उम्र 16 वर्ष निवासी आईटीआई चौराहे के निकट अपने मित्र आशू राजपूत निवासी शिवनगर कालोनी मसेनी चौराहा सुबह 9,30 बजे पांचाल घाट में उत्तरी किनारे पाथून पुल में स्नान करने गए। अनुराग गहरे पानी में चला गया जबकि उसका मित्र आशू राजपूत किनारे था। अनुराग के डूबने पर उसके मित्र ने शोर मचाया। कादरी गेट थानाध्यक्ष आमोद कुमार सिंह ने गोताखोरों को ढूंढने के लिए लगाया पर उसका शब बरामद नहीं हो पाया।

### बैंक के पास खड़े युवक को स्कूटी ने मारी टक्कर

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज कस्बे में स्टेट बैंक के पास सड़क किनारे खड़े युवक को स्कूटी सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी 20 वर्षीय मोबीन पुत्र मुनीर रामलीला मैदान से स्कूटी द्वारा कमालगंज लौट रहा था। इस दौरान स्टेट बैंक के पास थाना क्षेत्र शेरपुर सराय निवासी रवि पुत्र सूरज पाल सड़क किनारे खड़ा था, तभी स्कूटी ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

### कड़ी सुरक्षा के बीच इग्नू की परीक्षाएं आज से शुरू

**फर्रुखाबाद ।** इग्नू की सत्र परीक्षाएं 12 जून 2025 से प्रारम्भ हो रही हैं। प्रवेश पत्र पर उनका परीक्षा कार्यक्रम दिया गया है। परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी प्रवेश पत्र तथा परिचय-पत्र साथ में लायें। यदि परीक्षार्थी को प्रवेशपत्र डाउनलोड करने में कठिनाई हो तो क्षेत्रीय केन्द्र लखनउ से दूरभाष 0522-244283 पर सम्पर्क कर सकते हैं। इग्नू अध्ययन केन्द्र डीएनपीजी कॉलेज, फतेहगढ़ में परीक्षायें पूर्णत: शान्तिपूर्ण एवं सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराई जाएंगी । ये परीक्षाएँ 19 जुलाई 2025 तक चलेंगी। कहा कि इग्नू अध्ययन केन्द्र-डीएनपीजी कॉलेज, फतेहगढ़ समन्वयक डॉक्टर विनोद कुमार तिवारी ने इग्नू की परीक्षा, प्रदेश, काउन्सलिंग पद्धति तथा अध्ययन केन्द्र पर उपलब्ध कार्यक्रमों एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। इग्नू में जुलाई 2025 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारम्भ हो चुके हैं। पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को नि:शुल्क प्रवेश दिया जा रहा है। प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को अपना प्रवेश फार्म इग्नू की वेबसाईट पर ऑन लाइन माध्यम से भरना है। इग्नू में योग, जलवायु परिवर्तन, पर्यटन, फारसी भाषा, जापानी भाषा, एवं संस्कृति, , पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान ज्योतिष शास्त्र जैसे कार्यक्रम भी उपलब्ध हैं।

## जेब काटकर किसान के दो लाख उड़ाए

**फर्रुखाबाद।** जनपद कासगंज के थाना सिड़पुरा के गांव किलौनी निवासी चंद्रशेखर मिश्रा दोपहर तम्बाकू बेचने के लिए कायमगंज गया था। वह बेची गई तम्बाकू के तीन लाख पचपन हजार पांच सौ रुपए जेब में रखकर बाइक से घर वापस जा रहा था। कंपिल सिवारा मार्ग पर गांव भटमई के निकट तीन बाइक सवार युवक आए और बाइक रोकने के लिए कहा। चंद्रशेखर ने बाइक रोक ली। एक युवक ने चंद्रशेखर से उसे अपनी बाइक पर बैठाने का आग्रह किया। युवक ने चंद्रशेखर को बताया कि सिवारा चौराहे पर उसकी गाड़ी खड़ी है। कुछ समय बाद चंद्रशेखर ने उसे सिवारा चौराहे पर उतार दिया। युवक भागकर पीछे से आए युवकों की बाइक पर बैठकर भाग गया। चंद्रशेखर को शक होने पर उसने जेब देखी तो एक जेब कटी हुई व उसमें रखे दो लाख रुपए गायब थे। पीड़ित ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी।

## गैर इरादतन हत्या में 3 को आठ-आठ वर्ष की सजा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** ग्यारह साल पुराने गैर इरादतन हत्या के एक मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट) ने तीन अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए आठ-आठ वर्ष के कठोर कारावास और तीस-तीस हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। सजा पाने वालों में पवन शुक्ला पुत्र सुनील, मोनू उर्फ नवीन कटियार, और कलेक्टर पुत्र किशोर, निवासी महरूपुर सहजू, फतेहगढ़ शामिल हैं।

यह मामला 6 अगस्त 2014 की रात का है। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महरूपुर सहजू निवासी रंजीत पुत्र दिवारीलाल जाटव ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तहरीर के अनुसार वह रात करीब 9 बजे अपने पिता दिवारीलाल की तलाश में निकला था, तभी उसने महरूपुर पुलिया के नीचे एक गड्ढे में देखा कि पवन, मोनू, और कलेक्टर उसके पिता के साथ गला दबाकर और नाक-मुंह पर लात-घूंसे मारकर मारपीट कर रहे थे।

रंजीत के मुताबिक जैसे ही उन्होंने शोर मचाया और उन्हें ललकारा, आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले कि आगे आए तो गोली मार देंगे। पीड़ित दिवारीलाल को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने रंजीत की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचक ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया था।।विशेष न्यायाधीश ने सजा सुनाते हुए कहा कि मामला गैर इरादतन हत्या का है, जहां अभियुक्तों की हरकतों के कारण एक निर्दोष व्यक्ति की जान चली गई।

## सभी के सहयोग से साफ कराई जाए यमुना नदी

**कालपी (जालौन)।** कालपी विकास मंच के संयोजक समाजसेवी अशोक बाजपेई ने धर्म नगरी कालपी में यमुना नदी का सुन्दर स्वरूप लाने की जन सहयोग से पहल करते हुए प्रशासन से यमुना नदी साफ कराने की मांग की है।

समाजसेवी अशोक बाजपेई ने कहा कि नगर के सभी सामाजिक संगठन, राजनीतिक दल, जनप्रतिनिधि समेत हम सभी लोग एक ही मांग जनपद के जिला प्रशासन से करें कि कालपी साइड में इस पार यमुना नदी की सफाई कराई जाये। जो भी मिट्टी या मौरंग हो उसे साफ कराया जाये। जिससे सरकार को राज्स्व का लाभ भी होगा तथा कालपी में पुनः जल की धारा बह सकेगी। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक, पालिकाध्यक्ष, सांसद सहित सभी जनप्रतिनिधियों से नगर वासियों से अपेक्षा की है कि यमुना की सफाई कराई जाये।

## कालपी महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये स्थानीय नगर के महाविद्यालय में बीए, बीएससी व एमए कक्षाओं के लिए छात्र-छात्राओं की प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। महाविद्यालय में सीटों के स्थान सीमित हैं।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए विद्यालय की प्राचार्य डा. मधु प्रभा तिवारी ने कहा कि कालेज में सत्र 2025-'26 हेतु प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ हो चुकी है। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा निर्देशित नियमों के अनुरूप विधार्थियों को पहले ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा। कक्षा 12 पास सभी संकाय के विद्यार्थी महाविद्यालय आकर कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। बताया कि प्रवेश प्रक्रिया में छात्र बाहर से भी रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। पर उसमें अगर कोई त्रुटि होती है तो उसका जिम्मेदार छात्र स्वयं होगा। कालेज में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आरम्भ है।



बैठक करतीं प्राचार्य।

प्रवेश के आनलाइन कराने के लिये विद्यार्थियों को अपने साथ आवश्यक प्रपत्र लाने होंगे। जिसमें आय प्रमाण पत्र 2025, जाति प्रमाण पत्र 2025, आधार कार्ड, हाइस्कूल मार्कसीट, इण्टर की मार्कसीट, ईमेल आइई डी, पासपोर्ट साइज फोटो, दो मोबाइल नम्बर, ब्लड ग्रुप ये सभी कागजात लेकर महाविद्यालय के निर्धारित समय पर आकर अपना प्रवेश समय पर करा लें।

उर्स-ए-मुबारक | बाबा फरीदउद्दीन गंजे खां के सलाना उर्स में पहले दिन हुआ मुशायरा

# हजरत सैय्यद फरीदउद्दीन के दर से दिखाई देती है जन्नत...

कार्यालय संवाददाता, उरई



उर्स में कव्वाली सुनाते कव्वाल।

**अमृत विचार।** मुहम्मदाबाद स्थित हजरत सैय्यद फरीदउद्दीन गंजे खां उर्फ सरकने पीर के उर्स-ए-मुबारक के पहले दिन मंगलवार की रात चादरपोशी के बाद नातिया मुशायरा हुआ। इस दौरान शायरों ने आका-ए-नामदार रहमते परवरदिगार की शान में नात नबी पढ़ी तो माहौल खुशनुमा हो गया।

गंजमुरादाबाद से आये पीर मारूफ मियां की सदारत में हुए नातिया मुशायरे में झोकनपुरी से आये शायर शकील अख्तर ने पढ़ा, फरीदउद्दीन के दर से दिखाई देती है जन्नत, कोई अपना पराया क्या, यहां पर जो भी आता है, बड़ी सबकी यहां पर अजमत, फरीदउद्दीन के दर पर, कासिफ रहमानी औरया ने पढ़ा, या फजले रहमा...मुश्किले मेरी कीजिये आसान, या फजले रहमा। मुस्तकीम फरहत कानपुरी ने पढ़ा, जिस किसी के दिल के गौसे में हो उल्फत आपकी, रोजे महशर पायेगा वो ये शफाअत आपकी। शमीर रजा इलाहबादी ने पढ़ा, खुशियां है बहुत पर ये खुशी सबसे अलग है, इजहार बरेली ने पढ़ा, गौस पिया जिलानी, गौस पिया जिलानी, आपके नाना जान के सदके, पाया दाना पानी। अमन रजा उरई ने पढ़ा, हर एक दिल का ये नारा है, मदीना कितना प्यारा है। शबीउद्दीन ने पढ़ा, नजर को बक्श दो ऐसा असर गरीब नवाज, नजर उठाऊ तो आओ नजर गरीब नवाज। इससे पहले दिलशाद रजा ने पढ़ा, चाहने वालों का ईमान बने बैठे हैं, यानि इंसान की पहचान बने बैठे हैं, हिन्द वालों मेरे ख्वाजा की करामत देखो, आठ सौ साल से सुल्तान बने बैठे हैं। हाफिज एजाजुल हक, हाफिज अब्दुल कादिर, हाफिज अकील रजवी, हाफिज अख्तर, हाफिज नौशाद ने नात पाक पढ़कर वाहवाही लूटी। इसके बाद पीर मारूफ मियां ने नातिया मुशायरे मे आये लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा कि सारे इंसान खुदा के बंदे हैं, दुनियां में हमदर्दियों के साथ जिया जाए और इबादतों पर घमंड न कर इंसान के जज्बात की कद्र की जाए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे नाजिर रजा बरेली ने अपने इल्मों हुनर से सारी रा त मजमे को नबी की हदीसों के हवाले से बांधे रखा। इस मौके पर तारिक अली, तौफीक खान, आफाक उल्ला आदि मौजूद रहे।

# कालपी में उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष का हुआ स्वागत

संवाददाता, कालपी



राज्य महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह का स्वागत करते समाजसेवी।

**अमृत विचार।** लखनऊ से उरई जाते समय भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष तथा राज्य महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह का समर्थकों तथा पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा कालपी में स्वागत किया गया।

बुधवार को निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह का काफिला जैसे ही बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार कालपी में पहुंचा। पहले से ही मौजूद वरिष्ठ भाजपा नेता शशिकांत सिंह चौहान (कल्लू ठाकुर) के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों ने स्वागत किया। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को बता कर जागरूक किया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि सरकार की उपलब्धियों को हर आदमी तक पहुंचाने में जुटें। उन्होंने रामकुटी में बैठक कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। नगर अध्यक्ष सुबोध द्विवेदी, हर्षित खन्ना, जीतू तिवारी, संदीप पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# तबीयत बिगड़ने से पुलिसकर्मी की गई जान

संवाददाता सैफई इटावा

**अमृत विचार।** एटा जनपद में यूपी-112 सेवा के अंतर्गत ड्यूटी कर रहे एक पुलिसकर्मी की बुधवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। करीब 45 दिन पहले ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पहले एटा जिला अस्पताल, फिर आगरा के निजी अस्पताल बाद में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। लंबा इलाज चलने के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। बुधवार दोपहर उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

सैफई थाना क्षेत्र के गांव नगला हरनाथ निवासी किशनलाल (38) पुत्र स्व. रामअवतार एटा जनपद में यूपी 112 पुलिस सेवा में हेड कांस्टेबल पद पर तैनात थे। 26 अप्रैल 2025 को ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें तत्काल एटा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।



सलामी देते पुलिस के जवान। अमृत विचार

- सैफई में राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार, गांव में पसरा मातम

वहां प्राथमिक उपचार के बाद स्वजनों ने उन्हें आगरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

स्वास्थ्य में सुधार न होने पर 6 जून को सैफई स्थित उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार सुबह करीब आठ बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। अंतिम संस्कार से पहले क्षेत्राधिकारी सैफई रामगोपाल शर्मा व थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा की मौजूदगी में पुलिसकर्मियों ने उन्हें सलामी दी। पुलिसकर्मी के परिवार में पत्नी सुनीता देवी व एक बेटा आर्यन है। किशनलाल दो भाइयों में छोटे थे। उनके पिता स्व. रामअवतार भी पुलिस विभाग में कार्यरत थे। जिनका निधन हो चुका है।

## इनोवा व आटो में टक्कर, चालक सहित दो घायल

**जसवंतनगर।** इटावा से जसवंतनगर आ रहे एक ऑटो में मलाजनी के पास तेज रफ्तार इनोवा कार ने टक्कर मार दी, जिससे ऑटो में सवार एक महिला और चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को तत्काल एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। ऑटो चालक नवीन कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी मोहब्बतपुर अपने आटो में सवारियां लेकर जा रहा था तभी इनोवा ने आटो में टक्कर मार दी। हादसे में सवारी शालिनी देवी पत्नी रामप्रकाश निवासी कोठी कैस्त व चालक नवीन घायल हो गया। चालक ने बताया कि हाईवे पर सामने जा रही इनोवा ने अचानक ब्रेक मारे, जिससे ऑटो उसमें घुस गई। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक ललित कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि घटना के बाद इनोवा चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

# बिजली को निजी हाथों में देने से लालटेन युग लौटेगा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** किसान सभा, आशा-रसोइया यूनियन ने बिजली को देशी-विदेशी बडे.पूंजीपतियों के हाथों में सौंपने, बिजली दरों में 30 फीसदी वृद्ध, आशा-रसोइया आदि का वेतन 26 हजार रूपये रुपये किए जाने आदि को लेकर विरोध-दर्शन किया। बाद में राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम व विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को सौंपा गया।

मुख्यवक्ता किसान सभा के प्रांतीय महामंत्री मुकुट सिंह ने दक्षिणांचल और पूर्वांचल विद्युत निगमों को पूंजीपतियों के हाथों सौंपने का कड़ा विरोध करते इसे किसान-मजदूर, आमजन विरोधी और कारपोरेट परस्त कदम बताया। कहा कि इससे बिजली महंगी हो जायेगी। ग्रामीण क्षेत्र में लालटेन युग लौटेगा। खुद बिजली कर्मचारी-अधिकारी इसके खिलाफ लड़ रहे हैं। उनका दमन हुआ तो किसान




विरोध-प्रदर्शन करते किसान, मजदूर। अमृत विचार

- बिजली निजीकरण के विरोध में किसानों, मजदूरों ने किया प्रदर्शन

मूक दर्शक नहीं रहेंगे। किसान बिजली कर्मचारियों के साथ हैं। मोदी सरकार ने किसानों के साथ वादा खिलाफी की है। एमएसपी की गारंटी कानून के वादे से मुकर गई है। एतिहासिक किसान आंदोलन के सामने झुककर जिन 3 काले कृषि कानूनों को वापस लिया गया था। अब चोर दरवाजे से उन्हे कृषि बाजार नीति के रूप में लाया जा रहा है। अमेरिका के साथ फ्री ट्रेड समझौता वार्ता चालू है, इससे भारत की कृषि और किसान बर्बाद हो जाएंगे।

माकपा जिलामंत्री एनआर यादव ने कहा कि लगातार जनता की मांग और जरूरत के बाबजूद ताखा में तैयार खडे.अस्पताल और आईटीआई चालू नहीं किये जा रहे हैं। सीटू नेता अमर सिंह शाक्य, आशा कर्मचारी यूनियन की प्रदेश महामंत्री संगीता कश्यप ने आशा-रसोइया सहित सभी स्कीम वर्कर्स को 26 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन एवं कर्मचारी का दर्जा देने की मांग उठाई। संचालन किसान सभा के संतोष राजपूत ने किया। इससे पूर्व लोगों ने आम्बेडकर चौराहे से झण्डा बैनरों और गगनभेदी नारों के साथ अधीक्षण अभियंता विद्युत कार्यालय पहुंचे फिर कचहरी तक प्रदर्शन किया।

## एक नजर

### राहगीरों को पिलाया शर्बत

**इटावा।** टीटी चौकी इंचार्ज तरुण प्रताप सिंह और पुराना शहर चौकी इंचार्ज काशिफ हनीफ ने राहगीरों को भीषण गर्मी में राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शर्बत वितरित किया। इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है ऐसे में लोगों का सड़क पर निकलना आग में तपने जैसा है इसके बाद भी लोगो को आवश्यक कार्य के लिए घरों से निकलना पड़ता है। ऐसे में राहगीरों की मुश्किलों को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने अपने सहकर्मियों के साथ टी टी तिराहे पर शर्बत बांट कर लोगो को गर्मी से राहत देने का प्रयास किया।

### उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक 14 को

**इटावा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इटावा की जिला कार्य समिति की बैठक 14 जून दिन शनिवार को शाम 5 बजे जय नारायण पाराशर मैरिज होम बलरई में आयोजित की गई है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष संतोष चौहान व बलरई अध्यक्ष शिव राज धाकरे ने पदाधिकारियों सहित सभी कस्बों के पदाधिकारियों से 14 जून दिन शनिवार को शाम 5 बजे जय नारायण पाराशर मैरिज होम बलरई में होगी।

### समर कैंप का समापन

**इटावा।** राजकीय उ.मा. विद्यालय हरचंदपुर सैफई में आयोजित समर कैंप का समापन हो गया जिसके संचालन में विद्यालय के शिक्षकों अभिषेक बाजपेई, सूरज कुमार, सुधांशु धर, पूर्णिमा, रोहित यादव का सराहनीय सहयोग रहा। छात्र-छात्राओं को सिखाई जाने वाली गतिविधियों में विद्यालय के विद्यार्थियो ने आनंदपूर्ण वातावरण में उमंग एवं उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। सभी शिक्षकों ने विभाग द्वारा प्रस्तावित प्रत्येक गतिविधि की रचनात्मकता, कुशलता, हस्तशिल्प को बच्चों के जीवन में उतार कर समर कैंप को सार्थक बनाने का कार्य किया।

### विषाक्त सेवन से वृद्धा की मौत

**इटावा।** थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत शकुंतला नगर में उस समय कोहराम मच गया जब एक वृद्ध ने विषाक्त पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला को समाप्त कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत शकुंतला नगर निवासी सत्यवीर सिंह 77वर्ष पुत्र एहवरन सिंह ने किसी बात पर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पाकर थाना फ्रेंड्स कालोनी पुलिस पहुंची और विधिक कार्रवाई की।

# नदी में डूबने से युवक की गई जान

## सहसो थाना क्षेत्र के सिडौंस गांव का था युवक, दोस्तों के साथ गया था नहाने

संवाददाता चकरनगर, इटावा

**अमृत विचार।** सहसो थाना क्षेत्र के अंतर्गत क्वारी नदी के बिंडवा खुर्द घाट पर अपने दोस्तों के साथ नहाने गये एक युवक का अचानक पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने खोजबीन के बाद शव को बरामद कर लिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सहसो थाना क्षेत्र के गांव सिडौंस निवासी 21 वर्षीय रोहित गर्मी के चलते बुधवार सुबह अपने दोस्तों के साथ क्वारी नदी के बिंडवा खुर्द घाट पर नहाने गया था। जब वह नहा रहा था तभी अचानक नहाते समय उसका पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। उसके दोस्तों ने बचाने का प्रयास किया पर सफल नहीं हुए। दोस्तों ने इसकी जानकारी पुलिस व आसपास के लोगों को दी। जानकारी मिलने पर एसडीएम ब्रम्हानंद कठेरिया और



शव मिलने के बाद मौके पर मौजूद एसडीएम, पुलिस व अन्य लोग, इनसेट में मृतक रोहित। अमृत विचार

सहसो थाना प्रभारी रामप्रकाश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय तैराकों की मदद से डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद युवक को पानी से बाहर निकाला जा सका। रोहित को तुरंत सीएचसी राजपुर ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह घटना परिवार के लिए दोहरा झटका है। रोहित की मां सुनीता किडनी की बीमारी से जूझ रही हैं। उनका इलाज ग्वालियर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। रोहित अपनी बीमार मां की देखभाल करता था। उसके बड़े भाई राहुल कुमार घटना के दिन सुबह ही मां को इलाज के लिए ग्वालियर ले गए थे। पिता अशोक कुमार पहले से ही पत्नी की बीमारी से परेशान थे, अब बेटे की मौत से वे पूरी तरह टूट गए हैं।

### नहर में उतराता मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**बकेवर।** भोगनीपुर नहर में बहेड़ा पुल के पास बुधवार को एक युवक का शव पानी में उतराता मिला। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। शव कहीं दूर से नहर में बहकर आया और एक दिन से अधिक पुराना लग रहा है। भोगनीपुर निचली गंगा नहर में बुधवार की सुबह दस बजे के करीब बहेड़ा पुल के नीचे लोगों ने एक अज्ञात शव पानी में बहता देखा। तो बहेड़ा के चौकीदार बलराम ने इसकी सूचना महेवा चौकी इंचार्ज को दी। सूचना पर महेवा चौकी इंचार्ज केपी सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंचे। शव को पानी से बाहर निकलवा कर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया। लेकिन काफी देर बाद भी शव की कोई शिनाख्त नहीं हो सकी। युवक पीले रंग का कच्छा पहने था। थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह राठी ने बताया कि नहर के पानी से बरामद अज्ञात शव की उम्र पचास वर्ष के करीब होगी। शव करीब एक दिन पुराना है शव कहीं दूर से बहकर आया है। शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# थर्ड पार्टी से कराएं कार्य में गुणवत्ता की जांच, सीएमआईएस पर करें अपलोड

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। इसमें डीएम ने निर्देश दिए कि थर्ड पार्टी से क्वालिटी चेक कराया जाए और सीएमआईएस पोर्टल पर अपलोड किया जाए।

उन्होंने जल निगम नगरीय के अंतर्गत नगर पंचायत इकदिल में पेयजल पुनर्गठन योजना एवं बकेवर में पंपहाउस बनाने हेतु विस्तृत चर्चा की। उन्होंने उ.प्र. राजकीय निर्माण निगम के अंतर्गत सैफई में अर्बन डेवलपमेंट कार्य एवं मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई में मैस का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिए साथ ही यह भी बताया कि 50 बेडेड फील्ड हॉस्पिटल में इमरजेंसी एक्जिट और छत से पानी आने की समस्या को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए। उन्होंने उ.प्र. स्टेट कंस्ट्रक्शन एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के अंतर्गत जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, कांधनी एवं ब्लॉक महेवा



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल। अमृत विचार

- डीएम ने बैठक में की निर्माण कार्यों की समीक्षा

के ग्राम बहेड़ा में अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने उ.प्र. प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन के अंतर्गत बताया कि जिला संयुक्त चिकित्सालय का कार्य जल्द पूर्ण कराया जाए। उन्होंने उ.प्र. पर्यटन विभाग के अंतर्गत संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि इटावा के सरसई नावर स्थित हजारी महादेव मंदिर का सौंदर्यीकरण कराकर उसका उद्घाटन मंत्री एवं जनप्रतिनिधिगण द्वारा कराया जाए। उन्होंने सी एण्ड डीएस. में प्रोजेक्ट अलंकार के तहत इटावा, चकरनगर, सिंडौस, उदी एवं जसवन्तनगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में स्वच्छ पेयजल की सुविधा, शौचालय ब्लॉक एवं मल्टीपरपज हॉल के निर्माण हेतु विस्तृत चर्चा की। उन्होंने इटावा में महिला पुलिस चौकी परामर्श केन्द्र भरथना के प्रशासनिक भवन के निर्माण हेतु विस्तृत चर्चा की। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय भवन के निर्माण हेतु चर्चा करते हुए कहा कि कार्यालय भवन में मीटिंग रूम नीचे रखा जाए जिससे असमर्थ लोग भी जा सकें।

# जायण्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन ने श्रमिकों को कपड़े वितरित किए

संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जायण्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन की अन्तर्राष्ट्रीय विशेष समिति सदस्य ऊषा यादव ने अपने जन्मदिन पर शास्त्री चौराहा पर ज्योति गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद एवं दीपक सक्सेना प्रधानाचार्य जीआईसी के साथ समस्त जायण्ट्स परिवार की उपस्थिति में श्रमिकों को वस्त्र एवं शर्बत वितरित किया।

मुख्य अतिथि ज्योति गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद ने ऊषा यादव के जन्मदिन मनाने के नायाब तरीके को सराहनीय एवं अनुकरणीय बताया। अति विशिष्ट अतिथि दीपक सक्सेना प्रधानाचार्य जीआईसी इटावा ने कहा कि



चेयरमैन ज्योति गुप्ता को सम्मानित करतीं ऊषा यादव व अन्य। अमृत विचार

जरूरतमन्द श्रमिकों को गर्मी में वस्त्र, शर्बत एवं मौसमी फल भेंट करना श्रेष्ठतम पुण्य कर्म है। संयोजक डॉ. शिवराज सिंह यादव ने बताया कि आयोजन में केशवती गोयल निदेशक, विमल कुमार सिंह चीफ़ फेडरेशन कोआर्डिनेटर, योगेन्द्र यादव पूर्व अध्यक्ष, राम सजीवन सिंह पूर्व फेडरेशन सैक्रेटरी, कृष्णा चौधरी पूर्व अध्यक्ष, नीतू पुरवार यूनिट निदेशक, विश्व विजय त्रिवेदी अध्यक्ष दतावली एवं सोनिया गुप्ता अध्यक्ष शाइनिंग स्टार आदि मौजूद रहीं।

# एक डिग्री गिरा तापमान गर्मी से नहीं मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जून के महीने के दूसरे सप्ताह में गर्मी के तीखे तेवर परेशान कर रहे हैं। पिछले दो दिनों तक 44 डिग्री पर टिके रहने के बाद तापमान बुधवार को तापमान एक डिग्री गिर कर 43 पर आ गया लेकिन इससे गर्मी से कोई खास राहत नहीं मिली। घरों से बाहर निकलने का लोग साहस नहीं कर पा रहे थे। यही कारण रहा की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।

सुबह से ही गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी थी और दोपहर 2 से तीन के मध्य तापमान बढ़कर अधिकतम 43 डिग्री तक पहुंच गया। उस समय घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा था।

- दोपहर को सड़कों पर निकलना हुआ मुश्किल

कार्यालयों में भी गर्मी के चलते कामकाज प्रभावित होता रहा था। बिजली की आंख मिचौनी के कारण कूलर और एयर कंडीशन भी नहीं चल पा रहे हैं जिससे लोग और परेशान हैं। दोपहर के समय जब गर्मी अधिक होती है तब बिजली कट कर दी जाती है। जिससे परेशानी बढ़ जाती है। गर्मी के कारण हालत यह है कि जिन सड़कों पर दिन में आमतौर पर जाम लगा रहता था उन सड़कों पर भी बुधवार को सन्नाटा दिखाई दिया। बाजारों में भी लोग खरीदारी करने के लिए नहीं पहुंचे। शाम को सूर्यास्त के बाद सड़कों पर कुछ चहलकदमी दिखाई दी।

## सार-संक्षेप




शहीद रज कलश यात्रा के साथ सेनानी परिवार के लोग। अमृत विचार

### पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की 128 वीं जयंती मनाई

**इटावा।** महान स्वतंत्रता संग्राम के योद्धा / काकोरी काण्ड के नायक अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की 128 वीं जयंती के उपलक्ष में भारतीय पूर्व सैनिक लीग इटावा, राष्ट्रीय मेला चैरिटेबल ट्रस्ट, सैनिक शहीद परिजन, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजन एवं समाज उत्थान समिति के संयुक्त तत्वाधान में शहीद रज कलश यात्रा का शुभारंभ सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर से किया गया। जो शास्त्री चौराहा होता हुआ नुमाइश स्थित शहीद स्तंभ पर समाप्त हुआ। यहां पं. राम प्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। इसमें पूर्व सैनिक लीग के जिला अध्यक्ष सूबेदार मेजर रघुराज सिंह, समाज सेवी डॉ. हरिशंकर पटेल, सूबेदार मेजर कृपाल सिंह, कैप्टन अरुण यादव, कैप्टन सुरेश, सूबेदार कमलेश, करुणा रानी गुप्ता, गीता दीक्षित, ज्योति गुप्ता, बुलबुल यादव आदि मौजूद रहे।

### भागवत कथा के समापन पर भंडारा

**महेवा।** कस्बा स्थित प्राचीन सिद्धनाथ महाराज मंदिर पर विगत सप्ताह से चल रही श्रीमद भागवत कथा के समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के पूर्व आचार्य भगवान दास त्रिपाठी द्वारा पूर्णाहुति कराकर हवन पूजन कराकर बहेड़ा नहर पर जाकर कलश विसर्जन कराया जबकि पूर्ण विसर्जन गुरुवार को गाजे बाजे के साथ किया जायेगा। भंडारे की प्रथम पंक्ति में साधु संतों तथा कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण किया जिन्हें राजीव चौधरी एवं राजीव तिवारी द्वारा दक्षिणा दी गई वहीं कस्बा के युवाओं सहित क्षेत्र के युवाओं एवं समाज सेवी लोगों ने कथा के आयोजन सहित प्रसाद वितरण में खूब सहयोग किया।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भरथना।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बंधा के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। उक्त गांव निवासी राजीव उर्फ अनिल कुमार (45) पुत्र स्व. अतर सिंह रात्रि के समय अपने गांव बंधा के सामने से गुजर रही रेलवे लाइन को पार कर अपने घर की ओर जा रहा था तभी तेज गति में आई ट्रेन की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### हृदयघात से बिजली मिस्त्री की मौत

**भरथना।** कस्बे में किराने की दुकान पर बिजली की मरम्मत कर रहा बिजली मिस्त्री अचानक अचेत हो गया, आनन फानन में उसे उपचार के लिये अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुहल्ला मोतीगंज निवासी बिजली मिस्त्री रवि कुमार 43 वर्ष बिजली मरम्मत का कार्य करता था। बुधवार दोपहर कस्बा के मुहल्ला नेविलगंज स्थित एक दुकान पर बिजली के तार को ठीक कर रहा था तभी करंट लगने से वह अचेत हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

प्रेसवार्ता — प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

# मोदी सरकार ने राष्ट्रहित में साहसिक फैसले लिए

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गौरवशाली 11 वर्ष पूर्ण होने पर सुमेर सिंह किला गेस्ट हाउस में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा व जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने पत्रकार वार्ताकर केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

उन्होंने कहा पीएम मोदी के नेतृत्व में अब सरकार का मतलब रेस्पॉन्सिव गवर्नमेंट, रिस्पांसिबल गवर्नमेंट, अकाउंटेबल गवर्नमेंट, रिफॉर्म परफॉर्म एंड ट्रांसफॉर्म गवर्नमेंट पब्लिक पार्टिसिपेशन वाली सरकार है। नरेन्द्र मोदी सरकार जन-आधारित और पारदर्शी शासन की प्रतीक है। बीते 11 वर्षों में सरकार ने आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखी है। राष्ट्रहित में मोदी सरकार ने हमेशा ही साहसिक और ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। अनुच्छेद 370 को हटाना, तीन तलाक को खत्म करना, नया वक्फ कानून, सीएए लागू करना तथा विधायी निकायों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण इसके उदाहरण हैं।




पत्रकारों से वार्ता करते प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति। अमृत विचार

आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति में सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के बाद ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक छवि को दुनिया भर में स्थापित किया है। पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने एससी एसटी व ओबीसी समेत समाज के सभी वर्गों के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है। महिलाओं को नेतृत्व में लाने के लिए उन्हें सेना शिक्षा रोजगार और स्वरोजगार के हर क्षेत्र में अवसर दिए गए हैं। पहले देश में 126 नक्सल प्रभावित जिले थे जो अब घटकर 18 रह गए हैं। भारत नक्सलवाद के खात्मे की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

भाजपा सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा नहीं देती बल्कि गरीबों का कल्याण करके दिखाती है। भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं और अति गरीबी में 80 प्रतिशत की भारी कमी आई है। उन्होंने कहा पहले सरकारी योजनाओं के पैसे लोगों तक नहीं पहुंचते थे विचौलि खा जाते थे लेकिन डायरेक्ट बेनिफिट के माध्यम से सीधे जनता के अकाउंट में पैसे पहुंच रहे हैं। पहले इलाज के लिए सोचना पड़ता था अब आयुष्मान भारत योजना से अस्पतालों में मुफ्त इलाज होता है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ अन्नू गुप्ता, बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, कृपा नारायण तिवारी, अंशुल दुबे के अलावा जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य आदि उपस्थित रहे।

## गैर इरादतन हत्या के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**भरथना।** थाना क्षेत्र के गांव भानपुर बैशौली में एक महिला की मारपीट करने के बाद मौत हो जाने में मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेलवे ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

विशाल पुत्र बिहारीलाल निवासी ग्राम भानपुर ने मामला दर्ज कराया कि 8 जून को उसकी मां नित्यक्रिया के लिये गईं थीं। तभी गांव के राजू उर्फ राघवेन्द्र यादव पुत्र मुन्शीलाल ने साथी के साथ मिलकर मारपीट कर घायल कर दिया, इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी थी। निरीक्षक अरिमर्दन सिंह ने राजू को रेलवे पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# मंत्री के स्वागत में घुसे जेबकतरे, कैश-मोबाइल पार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- तीन लोगों की जेब से नकदी और एक का मोबाइल फोन गया
- अब सीसीटीवी कैमरे की फुटे के आधार पर तलाश रही पुलिस

**अमृत विचार।** बुधवार को मद्य निषेध राज्यमंत्री बृजेश शुक्ला पहली बार औरैया आए तो उनके स्वागत में समर्थकों का हुजूम उमड़ पड़ा। मंडी गेट तिराहा के समीप भाजपा नेता अवधेश भदौरिया के नेतृत्व में स्वागत के दौरान कुछ जेबकतरे भी भीड़ के बीच घुस गए और तीन लोगों की जेब से हजारों रुपये और एक व्यक्ति की जेब से मोबाइल फोन पार कर दिया। जब तक लोग कुछ समझ पाते, जेबकतरे रफूचक्कर हो गए। अब पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर जेबकतरों को तलाश रही है।

खास बात यह है कि मंत्री के स्वागत के दौरान पुलिस व्यवस्था भी नहीं थी। शहर में हाईवे स्थित मंडी गेट तिराहा के समीप बुधवार को दर्जा प्राप्त मद्य निषेध राज्यमंत्री बृजेश शुक्ला का स्वागत किया जा रहा था। उसी समय भीड़ का फायदा उठाते हुए जेबकतरों ने एक के बाद एक कर कई लोगों की जेब पर हाथ मारा और आराम से निकल गए। जब स्वागत का उत्साह थोड़ा ठंडा हुआ, तब लोगों ने अपनी जेब टटोली तो नकदी गायब थी।


कैमरे में कैद हुआ जेबकतरा।

स्वागत के दौरान पत्रकार सूर्यकुमार शर्मा की जेब से 10 हजार रुपये, बबलू सेंगर की जब से 35 हजार रुपये और सुनील भदौरिया की जेब से 15 हजार रुपये पार हो गए। इसके अलावा धीरज सिंह सेंगर के चाचा का एंड्रायड मोबाइल फोन भी पार कर दिया। बाद में इन लोगों ने जेबकतरों को खोजने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वे निकल चुके थे। लोग हाथ मलते रह गए। लोगों का कहना है कि यदि पुलिस होती तो जेबकतरों की भीड़ में घुसने की हिम्मत नहीं होती।

## बैंडबाजों से बृजेश शुक्ला का स्वागत

**औरैया।** दर्जा प्राप्त मद्य निषेध राज्यमंत्री बृजेश शुक्ला का भाजपा समर्थक व्यापार मंडल के नेता अवधेश भदौरिया के नेतृत्व में मंडी समिति के पास मालाएं पहनाकर बैंडबाजों के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान बृजेश शुक्ला ने कहा कि 2027 में योगी के नेतृत्व में पुनः भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों और जनता के लिए हमेशा दरवाजे खुले रहेंगे। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में सुशासन की सरकार चल रही है। स्वागत करने वालों में भाजपा नेता राजन चौहान भी शामिल रहे। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के मिहौली कट पर पूर्व जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने साथियों के साथ ढोल नगाड़ा एवं फूलमालाओं के साथ स्वागत किया। इस दौरान भाजपा नेता अवधेश भदौरिया, ब्लॉक प्रमुख रजनीश पांडे, प्रतीक सिंह, अतुल तिवारी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा शहर में कमलकांत वर्मा ने अपने साथियों के साथ फूलमालाओं से स्वागत किया।


राज्यमंत्री का माला पहनाकर स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

# दिबियापुर में 15 लाख रुपये घाटे का बजट पेश

नगर पंचायत

संवाददाता, दिबियापुर

- वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल संभावित आय 30,56,85,472 रुपये
- बजट बैठक के जरिए नगर पंचायत बोर्ड के सदस्यों ने दिखाई एकजुटता

**अमृत विचार।** बुधवार को नगर पंचायत दिबियापुर के सभागार में बोर्ड की बहु प्रतीक्षित बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 15 लाख रुपए के घाटे के अनुमान का बजट पेश किया गया। खास बात यह रही कि इस बजट बैठक के जरिए नगर पंचायत बोर्ड ने एक जुटता दिखाते हुए नगर के समग्र विकास की संकल्पबद्धता दोहराई। बैठक में सभी 15 वार्डों के सभासद शामिल हुए और अपने प्रस्ताव दर्ज कराए।

नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बजट प्रस्तावों पर चर्चा हुई। इसमें एक अप्रैल 2025 को शेष धनराशि 6 करोड़ 13 लाख 47 हजार 417 रुपए 74 पैसे को शामिल किया गया। इस तरह रुपया 15,01,047.26 पैसे घाटे का बजट प्रस्तावित किया गया। अधिशासी अधिकारी विनय कुमार पांडेय ने बताया कि घाटे की पूर्ति के लिए टावर शुल्क की वसूली हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा गृह कर,जलकर एवं जल मूल्य की बकाया चली आ रही धनराशि की वसूली भी प्रभावी तरीके से की जाएगी।

## एक नजर

### राज्य महिला आयोज की अध्यक्ष आज करेंगी सुनवाई

**औरैया।** गुरुवार को विकास भवन सभागार में उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान जनसुनवाई करेंगी। जिलाधिकारी डा. इंद्रमणि त्रिपाठी ने संबंधित अधिकारियों को समय से विकास भवन पहुंचने के निर्देश दिए हैं। यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी अशोक कुमार ने दी।

### मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आज

**औरैया।** डीआईओएस जीएस राजपूत ने बताया कि हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद के टॉप 10 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह 12 जून को 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा, जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को 21 हजार का चेक, एक टैबलेट, एक प्रशस्ति पत्र एवं एक मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।

### युवक पर किया हमला

**अयाना।** अजीतमल कोतवाली के मुरादगंज निवासी गुलज़ार ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि भाई बारिश हसुलिया मंदिर के पास टाल पर मंगलवार शाम 7 :30 बजे काम कर रहा था। तभी वहां आए मुरादगंज निवासी आदित्य पोरवाल उर्फ निक्की व उसके सात साथी भाई के साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने भाई के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी उसे मरणासन्न हालत में छोड़ भाग गए। अयाना थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए दो पौधे जरूर लगाएं

**अछल्दा।** कथा वाचक पंडित जगमोहन त्रिपाठी ने कहा की नशा नाश की जड़ है, बल्कि जिन परिवारों में लोग नशा करते हैं। मिट्टी में मिल जाने से कोई नहीं रोक पाएगा। विकासखंड अछल्दा के अंतर्गत गाव भाईपुर के फूफा जी महाराज मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान यज्ञ में बुधवार को कथावाचक ने कहा कि नशा से त्यागपत्र देने वालों का यहां भागवत कथा में के प्रांगण में संकल्प भी कराया जाएगा। कथावाचक ने पर्यावरण संरक्षण पर बोलते हुए एवं मानव को मिलने मिल रहे हजारों लाखों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर मानव को कम से कम दो पौधे लगाना अनिवार्य हो गया है।श्री त्रिपाठी ने यह भी कहा कि आज हर घर में समर लगवाए जा रहे हैं बल्कि जहां पर एक गिलास पानी की जरूरत है। वहां पर एक बाल्टी पानी नष्ट किया जा रहा है जबकि पानी के लिए ही विश्व युद्ध तक की तैयारी चल रही है।

# चेन स्नेचर्स से मुठभेड़, दो लुटेरे गिरफ्तार

## पुलिस की फायरिंग से दोनों के पैर में लगी गोली, पुलिस जीप का शीशा टूटा, अस्पताल में भर्ती कराए गए

कार्यालय संवाददाता, औरैया


मंगल।


रोहित।


मुठभेड़ के दौरान घटनास्थल पर पड़ी बाइक। अमृत विचार


आरोपी के कब्जे से बरामद हुआ तमंचा। अमृत विचार

- दिबियापुर क्षेत्र में मंगलवार को ककोर बंबा के पास हुई थी लूट
- कानपुर देहात जिले की रहने वाली पीड़ित महिला जा रही थी पाता
- लुटेरों की तलाश में जुटी दिबियापुर पुलिस और एसओजी को सफलता

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देश पर लुटेरों की तलाश में जुटी एसओजी व दिबियापुर पुलिस की लुटेरों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान दोनों लुटेरों के पैर में गोली लगने के बाद पुलिस ने उन्हें दबोच लिया और अस्पताल में भर्ती कराया। मंगलवार को दिबियापुर क्षेत्र में कानपुर देहात की महिला के साथ चेन स्नेचिंग की थी।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक आर. शंकर ने पत्रकारों को बताया कि बुधवार को उमरसाना तिराहा मोड़ के पास चेकिंग के दौरान मुठभेड़ हुई। दरअसल, पुलिस ने लूट के मामले में नारायणपुर के रोहित को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। रोहित से पूछताछ में पता चला कि उसका साथी मंगल ककुरिया गांव में लूट के माल का हिसाब करने आएगा। पुलिस जब रोहित को लेकर ककुरिया गांव पहुंची तो मंगल वहां आया। पुलिस को देखते ही मंगल ने फायरिंग शुरू कर दी।

इसके बाद दोनों लुटेरे भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैरों में गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने उन्हें दबोचकर चिचौली अस्पताल में भर्ती कराया। एसपी ने बताया कि मंगलवार को दिबियापुर थाना क्षेत्र में ककोर-मंगलपुर रोड पर ककोर बंबा से एक किलोमीटर दूर कानपुर देहात जिले के अमराहट थाना क्षेत्र की मनजीत सिंह नामक महिला अपने पति के साथ बाइक से मुंशीपुर पाता अपनी मौसी के घर जा रही थी। बाइक सवार लुटेरों ने उनका पीछा किया। मंगलसूत्र छीनने के दौरान महिला बाइक से गिर घायल हो गई थी, जिन्हें चिचौली अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

इस घटना के बाद पुलिस लुटेरों की तलाश में जुटी थी। एक लुटेरे रोहित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। उससे पूछताछ के आधार पर मंगलवार की रात 2:20 बजे मुठभेड़ के दौरान दोनों लुटेरे पकड़े गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान लूट के आरोपी रोहित और मंगल को दबोचने में सफलता हासिल हुई है। दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### 15 से 21 जून तक चलेगा 11वां योग दिवस सप्ताह

**औरैया।** 15 जून से 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह शुरू हो जाएगा जो 21 जून तक चलेगा। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि योग सप्ताह तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष गौरव पाण्डेय ने बताया कि आयुष विभाग के समस्त कार्मिकों के साथ विभागों के कार्मिकों को भी प्रशिक्षण देकर योगा प्रोटोकॉल बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। जनपद के सभी 7 ब्लॉकों में 12 जून से पंचायत सहायक/रोजगार सेवक को तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण विभाग की ओर से मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया जाएगा। डिप्रेशन एवं तनाव से बचने के लिए वाई ब्रेक योग कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे मात्र 9 मिनट के योग से तनावमुक्त रहा जा सके। 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह के दौरान जनपद में विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास, योग संगम, योग अनप्लग्ड, रंगोली, आशुभाषण एवं अन्य योग जागरूकता कार्यक्रम होंगे। 21 जून का मुख्य कार्यक्रम तिरंगा मैदान ककोर मुख्यालय पर सम्पन्न होगा जिसमें जनपद के जनप्रतिनिधि, जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कार्मिक साथ ही साथ आमजनमानस भी सामूहिक रूप से प्रतिभाग करेंगे।

### बौद्ध कथा में बुद्ध के आदर्श अपनाने पर जोर

**बिधूना।** ग्राम पंचायत जागूपुर कल्याणपुर में बौद्ध कथा में भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी कांशीराम के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। बौद्ध कथा में कार्यकर्ताओं को बुद्ध के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प दिलाया गया। प्रदेश संगठन मंत्री रामगोपाल ने समाज मे हो रही घटनाओ की जहां कडी निंदा की वहीं वर्तमान सरकार पर जमकर प्रहार किये। उन्होंने कार्यकर्ताओं से चन्द्रशेखर आज़ाद नगीना सांसद के साथ जुडकर उनके हाथों को और मजबूत करने की अपील की। धीरेंद्र कबीर कानपुर मंडल प्रभारी ने भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी कांशीराम ने चन्द्रशेखर आजाद नगीना सांसद के बारे मे अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नगीना सांसद के दिल में समाज के दलित बंचित पिछड़े गरीब असहाय मजलूमों के प्रति भारी लगाव है। उन्होंने 21 जून को कानपुर नगर के लाजपत भवन में होने वाले अस्तित्व बचाओ-भाईचारा बनाओ प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में पहुंचने का आव्हान किया। सपा, बसपा, भाजपा अन्य संगठन को छोड़कर आए लोगों ने रामगोपाल और धीरेंद्र कबीर के नेतृत्व में कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान प्रमोद कुमार राजपूत समेत 2 दर्जन से अधिक लोगों ने आजाद समाज पार्टी का दामन थामा। इस मौके पर मोहम्मद जावेद वारसी, प्रदीप निगम, रविंद्र कुमार गौतम, कन्हैया लाल गौतम, सुल्तान सिंह राजपूत, प्रदीप चौधरी, धीरू, पुष्पेंद्र कुमार, आमोद कुमार, यूनिस अली आदि रहे।

### दुरुस्त कराए गए खराब वाटर कूलर

**अटसू।** नगर पंचायत की तरफ से पेयजल व्यवस्था के लिए चार वाटर कूलर लगवाए गए थे, जिनमें से कुछ खराब हो गए हैं। स्थानीय लोगों की सूचना पर अधिशाषी अधिकारी ने उन्हें ठीक कराना शुरू कर दिया है। भीषण गर्मी में आम जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए पेयजल व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है।


शरबत वितरित करते लोग। अमृत विचार

### भीषण गर्मी में पिलाया शर्बत

**फफूंद।** इस समय भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। तेज धूप के कारण लोगों का सड़कों पर चलना दुर्लभ है। बुधवार को नगर के व्यवसायी मुन्ना गुप्ता ने अपनी चमनगंज स्थित दुकान पर एक शिविर लगाकर राहगीरो को शर्वत वितरण कराया। जिसकी जिम्मेदारी युवा वर्ग को सौंपी गई। पैदल व बाइक से गुजरने वाले हर राहगीरों को नवयुवक रोक-रोक शरबत वितरण कर रहे थे। तपती गर्मी में राहगीरों को नगर व्यवसायी मुन्ना गुप्ता ने शरबत पिलाकर शिविर की शुरूआत करते हुए कहा कि इस समय प्रचंड गर्मी की तपन से लोग गुजर रहे हैं। सफर तय करते समय रास्ते में प्यास लगने लगती है। उस समय अगर राहगीर को ठंडा पानी मिल जाये तो राहत महसूस करते हैं। इस दौरान अन्नू गुप्ता, टन्टी गुप्ता, शिवा गुप्ता, सोनू गुप्ता, मोनू गुप्ता, जीतू गुप्ता, अजित शर्मा, संजय गुप्ता, छोटे शर्मा, संजीव त्रिपाठी आदि में सभी ने राहगीरों को शरबत वितरण किया।

# 11 साल में सबका ख्याल: गीता

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकसित भारत के अमृत काल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के विकास की नई यात्रा तय की है। बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने सीमा सुरक्षित की, अर्थव्यवस्था मजबूत की और टेक्नोलॉजी को जन-जन तक पहुंचाया।

यह बातें ब्लाक सभागार में बुधवार को भाजपा की राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य ने पत्रकारों से कहीं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के यह 11 वर्ष जनता की सेवा, सुशासन के साथ गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहे। मोदी सरकार ने सेवा को संकल्प बनाया। सुशासन को संस्कृति और सुरक्षा को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और एयरबेस को ध्वस्त कर यह दिखा दिया कि अब नया भारत शांति की बातें नहीं, बल्कि घर में घुसकर आतंक का सफाया करता है।



पत्रकारों से वार्ता करतीं राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य।

उन्होंने कहा कि आज का भारत एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम, ब्रह्मोस, आकाश मिसाइल, आइएनएस विक्रांत, तेजस और प्रचंड जैसी स्वदेशी तकनीकों के साथ भारत न केवल आत्मनिर्भर रक्षा शक्ति के रूप में उभर रहा है, बल्कि आज रक्षा उपकरणों का निर्यात भी कर रहा है। उन्होंने जेम पोर्टल का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार के इस प्रयास से खरीद में भ्रष्टाचार समाप्त हो चुका है। मोदी सरकार ने इंफ्रा निर्माण की रफ्तार को नई गति दी है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सर्वेश कठेरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री सौरभ भूषण शर्मा, जिला महामंत्री शिवसिंह भारतीय आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पत्नी के मायके जाने पर जहर खा खुदकुशी की

संवाददाता, अजीतमल

- 10 दिन पहले विवाद के बाद पत्नी गई थी मायके
- एक महीने पहले दीवार गिरने से मां की मृत्यु हुई थी

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के बाबरपुर कस्बे में युवक ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। जब परिजनों ने उसकी हालत बिगड़ते देखी तो आनन-फानन अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। 10 दिन पहले पत्नी के मायके जाने से युवक खासा परेशान था।

कस्बे के अशोक नगर के रहने वाले राजकुमार ने मंगलवार की रात्रि जहरीला पदार्थ निगल लिया। स्थानीय लोगों ने उन्हें गौतम बुद्ध स्कूल के पास अचेत अवस्था में पाया। लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों के अनुसार राजकुमार की रूरुकला गांव की रहने वाली आरती से शादी हुई थी। उसके चार बच्चे हैं। 10 दिन पहले राजकुमार का पत्नी आरती से विवाद हुआ।

इसके बाद आरती अपने मायके के लोगों को बुलाकर बच्चों के साथ मायके चली गई थी। तब से राजकुमार अवसाद में था। बताते हैं कि एक महीने पहले राजकुमार की मां की आंधी में दीवार गिरने से मृत्यु हो गई थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ललितेश त्रिपाठी ने बताया कि पत्नी को घटना की सूचना दी गई है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मृत्यु का सटीक कारण पता चल सकेगा। पुलिस परिजनों के आने की प्रतीक्षा कर रही है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

धर्म-अध्यात्म

श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन आचार्य ने सती अनसुइया और ध्रुव की कथा सुनाई

# नारायण की सच्ची भक्ति करने से दूर होते सभी कष्ट

संवाददाता, फफूंद

**अमृत विचार।** बुधवार को महंत सहजानंद की यादगार में कस्बा के बाबा का पुर्वा स्थित अस्तल धाम मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन वृंदावन धाम से आए आचार्य अर्पण त्रिवेदी महाराज ने अनसुइया चरित्र व ध्रुव की कथा का व्याख्यान सुनाया। उन्होंने कथा के दौरान सती अनसुइया सती चरित्र के तहत राजा दक्ष द्वारा किए गए यज्ञ में बिना बुलावे यज्ञ में माता सती का जाने की कथा के प्रसंग सुनाए, जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो उठे।


कथा सुनाते आचार्य। अमृत विचार


कथा का रसपान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

इस दौरान आचार्य ने ध्रुव चरित्र कथा का वर्णन किया। ध्रुव की कथा के माध्यम से श्रोताओं को भक्ति और दृढ़ संकल्प को विस्तार से समझाया। आचार्य ने कहा कि एक बार उत्तानपाद सिंहासन पर बैठे हुए थे। ध्रुव खेलते हुए राज के महल में पहुंच गए। उस समय उनकी अवस्था 5 वर्ष की थी। उत्तम राजा उत्तानपाद की गोदी में बैठा हुआ था। ध्रुव राजा की गोदी में चढ़ने का प्रयास करने लगे। सुरुचि को अपने सौभाग्य का इतना अभिमान था कि उसने ध्रुव को डांटा और कहा गोद में चढ़ने का तेरा अधिकार नहीं है।

अगर इस गोद में चढ़ना है तो पहले भगवान का भजन करके इस शरीर का त्याग कर और फिर मेरे गर्भ से जन्म लेकर मेरा पुत्र बन। तब तू इस गोद में बैठने का अधिकारी होगा। ध्रुव को अपनी सौतेली माता के इस व्यवहार पर बहुत क्रोध आया, पर वह कर ही क्या सकता था, इसलिए वह अपनी मां सुनीति के पास जाकर रोने लगा। सारी बातें जानने के बाद सुनीति ने कहा कि संपूर्ण सुखों को देने वाले भगवान नारायण के अतिरिक्त तुम्हारे दुःख को दूर करने वाला और कोई नहीं है। तू केवल उनकी भक्ति कर। कथा प्रतिदिन दोपहर दो से पांच बजे तक चल रही है। भागवत कथा का समापन 15 जून को और पूर्ण आहूति भंडारा 16 जून को होगा।

# जयंती समारोह में गूंजा कबीर का संदेश

संवाददाता, बिधूना

**अमृत विचार।** तहसील के अछल्दा ब्लॉक स्थित मुनागंज गांव के कबीर आश्रम में संत कबीर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और संत शामिल हुए। सभी ने कबीर दास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

वक्ताओं ने कहा कि 1398 में काशी में जन्मे कबीर निर्गुण भक्ति के प्रमुख समर्थक थे। उन्होंने ईश्वर को निराकार और सर्वव्यापी माना। कबीर ने मूर्तिपूजा और धार्मिक कर्मकांडों का विरोध किया। उनका मानना था कि ईश्वर मंदिर-मस्जिद में नहीं, बल्कि हर प्राणी के हृदय में निवास करता है। उन्होंने जाति प्रथा, पाखंड और छुआछूत का विरोध किया। उनकी शिक्षाएं सभी धर्मों और जातियों के लिए समान थीं।


संत कबीर की जयंती समारोह के दौरान मौजूद संत। अमृत विचार

आम जनता की भाषा में लिखी गईं कबीर की रचनाएं समाज के हर वर्ग तक पहुंचीं। कबीर के विचारों से भक्ति और सूफी आंदोलन प्रभावित हुए। उनके अनुयायियों ने श्कबीर पंथश् की स्थापना की। सिख धर्म में उनकी रचनाओं को विशेष स्थान मिला। कबीर ने अपनी शिक्षाओं में परमात्मा की भक्ति पर जोर दिया। उनका मानना था कि सभी मनुष्य एक ही परमात्मा की संतान हैं। कबीर की शिक्षाएं सामाजिक सुधार, धार्मिक एकता और आध्यात्मिकता की प्रेरणा हैं। उनका जीवन और रचनाएं भारतीय संस्कृति का अमूल्य हिस्सा हैं। उनकी शिक्षाएं सत्य, प्रेम और मानवता का संदेश देती हैं। यहां महंत राम शरण दास, जीवनदास, सेवादास व राममणि दास आदि कबीर पंथियों से विचार व्यक्त किए।

# प्रधानमंत्री मोदी के 11 साल की गिनाईं उपलब्धियां

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने न केवल सेवा, सुशासन और समावेशी विकास के अद्वितीय प्रतिमान स्थापित किए हैं, बल्कि वैश्विक मंच पर भी सशक्त, आत्म निर्भर और विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। यह बात प्रधानमंत्री के कार्यकाल के 11 साल पूरे होने पर लघु उद्योग एवं खादी हथकरघा विभाग के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि 11 वर्षों में देश विकसित हुआ है। आर्थिक स्थिति पर मजबूत हुआ है। गरीब तबके के लोगों को ऊपर उठाने का काम किया है। विभिन्न प्रकार की योजनाएं जैसे किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत योजना, मेक इन इंडिया, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना इत्यादि तमाम योजनाओं को धरातल में उतारने का काम किया है। प्रधानमंत्री का सपना है कि भारत का गरीब सिर्फ आंकड़ों में न हो बल्कि नीति निर्माण का केंद्र बने। केंद्र सरकार की योजनाओं में गरीब केंद्र बिंदु है।



बुधवार को भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता करते कैबिनेट मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

- कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता की

उन्होंने कहा मोदी है तो मुमकिन है सिर्फ नारा नहीं एक जमीनी सच्चाई है। उन्होंने केंद्र सरकार की अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी रतन साहू, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव, महिला मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शकुंतला निषाद, युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह मानू, चक्रवर्ती शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### कैबिनेट मंत्री कानून व्यवस्था के सवाल पर साधी चुप्पी

**हमीरपुर।** जिले में कानून व्यवस्था के सवाल पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने चुप्पी साध ली। सरीला नगर मंडल अध्यक्ष के जलालपुर इंस्पेक्टर द्वारा शिकायत पर कोई कार्रवाई न करने और आत्महत्या के बारे में पूछे गए सवाल पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि उन्हें आत्महत्या नहीं करना चाहिए, बल्कि उच्च स्तर पर शिकायत करनी चाहिए थी। कैबिनेट मंत्री के इस जवाब पर जब पत्रकारों ने कई सवाल उठाए तो उन्होंने डीएम और एसपी से वार्ता करने की बात कही।

## एक नजर

### पत्नी को पीटकर घर से निकाला, तहरीर दी

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के स्यावरी गांव में नाराज पति ने पत्नी को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला ने कोतवाली पहुंच घटना की तहरीर दी। स्यावरी गांव निवासी सुनीता पुत्री करन पाल ने बताया कि उसकी शादी तीन साल पहले जरिया थाने के मंगरौल गांव निवासी रोहित पाल के साथ की थी। बताया कि शादी के बाद उसका पति और ससुराल वाले उसका उत्पीड़न करने लगे। बताया कि उसका पति रोहित पाल डीजे का काम करने के लिए उस पर रूपये लाने का दबाव बनाने लगा। जब उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट भी करने लगा था। बताया कि कुछ दिन पहले पति ने उसे मारा पीटा और घर से बाहर निकाल दिया। पति के संसर्ग से वह 1 वर्षीय मासूम बच्चे की मां भी है। कोतवाल रामासरे सरोज ने बताया महिला का मेडिकल कराया गया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### सुमेरपुर क्षेत्र पंचायत बोर्ड की बैठक आज

**सुमेरपुर।** क्षेत्र पंचायत बोर्ड की बैठक गुरुवार को सुबह 11 :00 बजे से ब्लाक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव की अध्यक्षता में शुरू होगी। खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि बोर्ड की बैठक में क्षेत्र के विकास के लिए योजनाएं बनाई जाएंगी। इसके साथ ही विभिन्न विभागों से आए हुए अधिकारियों से वार्ता कर उन विभागों के कार्यों के लिए योजनाओं की जानकारी लेकर उन्हें भी पूर्ण करने का कार्य कराया जाएगा। खंड विकास अधिकारी ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधानों सहित अधिकारियों से बैठक में सम्मिलित होने के लिए अनुरोध किया है।

### नकदी और जेवरात के साथ किशोरी को ले गया युवक

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के छिरका निवासी रामप्यारी ने बताया कि वह ईंट भट्ठे पर मजदूरी कर परिवार चलाती है। जब वह भट्ठे गई तो उसकी नाबालिग पुत्री खुशबू घर में अकेले थी, जिसे गांव का साबिर बहला कर ले गया। घर में बड़ी बेटी की शादी के लिए रखे 50 हजार रुपये नकदी और जेवरात भी साथ ले गए हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विधायक ने अनाथ बच्चों से मिलकर ढांढस बंधाया

**बिवांर।** अधेड़ का अचानक पेट फूलने और फिर सदर अस्पताल में मौत होने पर सदर विधायक ने घर पहुंचकर अनाथ हुए बच्चों को ढांढस बंधाया।

कस्बे के नया बस स्टॉप के पास रहने वाले मुलायम (50) के माता-पिता और पत्नी की मौत हो जाने के बाद तीन बच्चों की परवरिश का जिम्मा था। वह कपड़ों में प्रेस कर नाबालिग बच्चों का भरण-पोषण करता था। मंगलवार को वह एक अंतिम संस्कार से वापस आया और अचानक उसका पेट फूल गया। उसे छानी सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहां डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। पिता की मौत पर बच्चों में कोहराम मच गया। बुधवार को राठ विधायक मनीषा अनुरागी, जिला महामंत्री नरवेंद्र सिंह व शैलेंद्र कुमार अवस्थी उसके घर पहुंचे और अनाथ बच्चों को ढांढस बंधाते हुए हर मदद किए जाने का आश्वासन दिया। उसके दो पुत्र और एक पुत्री हैं।

### गैंगस्टर के केस में गवाह को चौराहे पर पीटा

**मौदहा।** कम्हरिया गांव के गैंगस्टर एक्ट के आरोपी लाला भाउ आदि के विरुद्ध दर्ज मुकदमे में गवाही नहीं देने का दबाव बनाते हुए दो भाइयों ने मारपीट की। कस्बे के बड़ा चौराहा निवासी फय्याज ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि कम्हरिया गांव के गुलाम और रफीक बड़े चौराहे पर आए और लाला भाऊ पर दर्ज मुकदमे में गवाही नहीं देने की धमकी देने लगे। उसने कहा कि मामला कोर्ट में है, जो होगा देखा जाएगा। इस पर दोनों भाइयों ने लात-घूसों से पीटना शुरू कर दिया। भीड़ एकत्र होने पर दोनों धमकी देकर चले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रिसॉर्ट मालिक ने मैनेजर को बंधक बनाकर पीटा

## साथियों के साथ मिलकर तीन दिन तक करते रहे मारपीट

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के उरई रोड स्थित एक रिसॉर्ट के मालिक ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर रिसॉर्ट के मैनेजर को बंधक बना लिया और तीन दिन तक उसे डंडे से पीटते रहे। मैनेजर का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने रिसॉर्ट मालिक से अब दूसरी जगह नौकरी करने की बात कही थी। पीड़ित मैनेजर ने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचकर रिसॉर्ट के मालिक और उसके साथियों के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

सरीला निवासी गोविंद पुत्र परमानंद ने बताया कि वह राठ कस्बे के पठानपुरा मोहल्ले में किराए से रहता है। वह उरई रोड स्थित एक रिसॉर्ट में तीन साल से मैनेजर है। अब वह दूसरी जगह पर काम करना चाहता है। उसने रिसॉर्ट के मालिक को 20 दिन पहले रिसॉर्ट की नौकरी छोड़ने की बात बताई थी और मालिक से मैनेजर के लिए किसी व्यक्ति की तलाश करने की गुजारिश की थी, ताकि रिसार्ट का काम प्रभावित न हो।


पीड़ित रिसॉर्ट मैनेजर गोविंद।

पीड़ित ने बताया कि 3 जून की रात करीब 10 बजे रिसॉर्ट के मालिक अपने दो साथियों के साथ रिसॉर्ट उसके पास आया और बेवजह उसे गालियां देते हुए उस पर चोरी का आरोप लगाने लगा। जब उसने बेवजह के आरोपों का विरोध किया तो उसे बंधक बना लिया और लाठी-डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर घायल कर दिया। रिसार्ट मालिक ने जबरन उसका वीडियो बनाया और उसे चोरी करने की बात कबूल करने के लिए मजबूर किया।

- पीड़ित मैनेजर ने राठ कोतवाली पहुंचकर दी तहरीर
- दूसरी जगह नौकरी करने की बात पर डंडों से पीटा

जबरन वीडियो बनाने के बाद आरोपियों ने उसे दो दिन बाद मुक्त किया और कहीं भी शिकायत करने पर आरोपियों ने उसे जानमाल की धमकी भी दी। घर पहुंचकर उसने परिजनों को घटना की जानकारी दी और अपनी चोटों का इलाज भी कराया। बुधवार को उसने राठ कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी और पुलिस से मुकदमा दर्ज कर इंसाफ दिलाने की गुहार लगाई। इस मामले में कोतवाल रामासरे सरोज का कहना है कि तहरीर मिली है। पूरे प्रकरण की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# डंपर में तार फंसने से 4 खंभे टूटे, बिजली गुल

संवाददाता, सुमेरपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के देवगांव में विद्युत पोल में लगे इंसुलेटेड वायर में डंपर के फंस जाने से बीती रात कई खंबे टूट गए। इस घटना में रामजानकी मंदिर में बैठे कई लोग बाल बाल बच गए। घटना के बाद डंपर भाग निकला। ग्रामीणों ने विद्युत पोल टूटने की सूचना पुलिस और विद्युत विभाग को दी, लेकिन बीस घंटे बाद भी गांव के विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी।

क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवगांव में मुख्य मार्ग पर राम जानकी मंदिर एवं बिंद भवन द्विवेदी के आमने-सामने विद्युत पोल लगे हुए हैं। इन पोलों पर इंसुलेटेड वायर लगा हुआ है। मंगलवार की रात करीब 11:00 बजे पत्योरा की ओर से आ रहे डंपर इस वायर में फंस गया। जिससे चिंगारी छुटने लगी। जिस पर डंपर चालक करंट से बचने के लिए उसकी रफ्तार और बढ़ा दी। जिससे आसपास के चार खंभे टूटकर धराशाई हो गए। वहीं राम जानकी मंदिर के चबूतरे में बैठे गांव निवासी जगराम सिंह, मुन्ना पुजारी, जयकरन यादव, रिंकू यादव बाल बाल बच गए।


देवगांव में टूटे पड़े बिजली के पोल।

हादसे के बाद डंपर चालक भाग निकला। ग्रामीणों ने पुलिस व विद्युत विभाग को सूचना दी, लेकिन विद्युत विभाग 20 घंटे बीत जाने के बाद भी टूटे हुए खंभों को नहीं बदल सकी, जिससे भीषण गर्मी में पूरा गांव अंधेरे में डूबा हुआ है और लोग गर्मी व उमस में परेशान है। अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी ने बताया कि सात बजे तक आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। घटना वाले डंपर की तलाश करवाई जा रही है। इस घटना में विभाग को 25 हजार से अधिक की क्षति हुई है।

# कबीर का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया


कबीर के चित्र पर माल्यार्पण करतीं पूर्व चेयरमैन माया वाल्मीकि। अमृत विचार

**कुरारा।** पूर्व चेयरमैन एवं सांसद प्रतिनिधि माया बाल्मीकि के आवास पर सतगुरु कबीर का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में झलोखर स्थित कबीर आश्रम के सेवक दास महाराज उपस्थित रहे। दीप प्रज्ज्वलित एवं पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

कार्यक्रम में माया बाल्मीकि ने कहा कि कबीर एक महान संत, कवि और समाज सुधारक थे। उनका जन्म वाराणसी में हुआ था। वह गुरु नानक देव के समकालीन थे। कबीर साहेब ने समाज में फैली कुरीतियों जैसे जातिवाद, अंधविश्वास तथा पाखंड के खिलाफ आवाज उठाई थी। कबीर ने समाज में जाति धर्मों के बंधनों को तोड़ने का काम किया। उनके अनुसार सभी मनुष्य एक है और ईश्वर सब में समान रूप से व्याप्त है। मुख्य अतिथि ने सतगुरु कबीर साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आवाहन किया। सपा पूर्व जिलाध्यक्ष राजबहादुर पाल ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर छेदालाल, राकेश कुमार, शिवदयाल, अच्छेलाल महंत, राम शंकर, तुलसीराम, नारायण दास सविता, पुष्पेंद्र कबीर, रामसनेही बाल्मीकि, कामता प्रसाद, सुरेश चंद्र, रामबहादुर, हिम्मत अहिरवार, सिद्धा, संतोष आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने वसूली में तेजी के निर्देश दिए

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में वाणिज्य कर, स्टांप एवं पंजीयन, आबकारी, परिवहन, वन, खनन, विद्युत, मंडी समिति, नगरीय निकायों की लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कर करेत्तर से संबंधित सभी विभागों द्वारा प्रवर्तन कार्यों को बढ़ाया जाए। वित्तीय वर्ष में वसूली का लक्ष्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। कहा कि सभी विभाग मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में विभागीय योजनाओं की प्रगति की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें, किसी भी विभाग की लापरवाही से सीएम डैशबोर्ड में जनपद की रैंक प्रभावित न होने पाए। राजस्व कार्यों की समीक्षा में उन्होंने कहा कि राजस्व विवादों एवं भूमि विवादों का युद्ध स्तर पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण हो। बैठक में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) विजय शंकर तिवारी, एडीएम (न्यायिक), एडीएम (नमामि गंगे), एसडीएम व तहसीलदार, उपायुक्त वाणिज्यकर, एआरटीओ तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का मालाएं स्वागत किया गया। अमृत विचार

# रामस्वरूप जिलाध्यक्ष व दिलीप महामंत्री बने

संवाददाता, सरीला

**अमृत विचार।** ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के द्विवर्षीय चुनाव विकासखंड के सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें रामस्वरूप ओमरे को निर्विरोध अध्यक्ष और दिलीप कुमार को महामंत्री के रूप में चुना गया है।

बुधवार को संगठन के निर्वाचन चुनाव अधिकारी अजय निरंजन और ओमप्रकाश प्रजापति की देखरेख में संपन्न कराया गया। संगठन के समस्त पदाधिकारियों ने संगठन के हित में कार्य करने की शपथ ली। संगठन के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष और महामंत्री को बधाई देते हुए फूलों की मालाओं से लाद दिया। जिलाध्यक्ष रामस्वरूप ओमरे ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि सर्वसम्मति से मुझे संगठन का पुनः निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुना गया है।

उन्होंने संगठन के हित में पूरी ईमानदारी से कार्य करने, संगठन को मजबूत बनाने और दी गई जिम्मेदारियों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत कुमार, उपाध्यक्ष प्रियंका सिंह, प्रांतीय प्रतिनिधि ब्रजेश कुमार शुक्ला, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, संयुक्त मंत्री धीरज कुमार, संगठन मंत्री मेहरवान सिंह, ऑडिटर सुरेश कुमार वर्मा, प्रवक्ता महेंद्र कुमार वर्मा, मीडिया प्रभारी बालेश्वर द्विवेदी और भार्गव प्रसाद मिश्र को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**परेशानी बढ़ी** वाटर कूलर की बिजली सप्लाई बंद होने से पैदा हुई समस्या, नगर पंचायत की ओर से लगवाए गए हैं वाटर कूलर

# वाटर कूलर से निकलता गर्म पानी

संवाददाता, सुमेरपुर

**अमृत विचार।** स्टेशन के पास नर्वदेश्वर आश्रम के बाहर लगा वाटर कूलर बेमकसद साबित हो रहा है। आश्रम के महंत के बिजली बंद कर देने से वाटर कूलर गर्म पानी फेंक रहा है। जिससे यात्रियों, राहगीरों को शीतल जल न मिलने पर मजबूरी में दुकानों से खरीदकर पी रहे हैं।

नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने कस्बे में कई स्थानों पर राहगीरों एवं दुकानदारों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वाटर कूलर लगवाए गए हैं। स्टेशन में शीतल जल की व्यवस्था न होने पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने नर्वदेश्वर आश्रम के बाहर वाटर कूलर लगवाया था। जिसकी टंकी एवं स्विच बोर्ड आश्रम के अंदर रखवाया था। पिछले हफ्ते भी आश्रम के महंत के बाहर चले जाने से कई दिन तक वाटर कूलर पूरी तरह से ठप रहा। मौजूदा समय में वाटर कूलर की बिजली आपूर्ति बंद रहती है। जिससे वाटर कूलर गर्म पानी फेंक रहा है। यात्री राकेश, राजकुमार, बाबू गुप्ता आदि ने बताया कि जब भी वह वाटर कूलर के पास शीतल पानी की अपेक्षा से जाते हैं, लेकिन वाटर कूलर गर्म पानी फेंक रहा है। आरोप लगाया कि आश्रम के महंत से विद्युत आपूर्ति चालू करने के लिए कहा जाता है तो वह अभद्रता करने लगते है। उधर महंत का कहना है कि लोग वाटर कूलर में एकत्र ठंडे पानी से लोग नहाने लगते हैं। जिससे ठंडा पानी खत्म हो जाता है और वाटर कूलर गर्म पानी देने लगता है। नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने बताया कि शिकायतें मिली है। वह वाटर कूलर को एक दो दिन में दूसरी जगह शिफ्ट करवा रहे है।


समेरपुर में नर्वदेश्वर आश्रम के पास लगा वाटर कूलर। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण करते सचिव महेंद्र कुमार पांडेय। अमृत विचार

### वन स्टाप सेंटर के कैमरे दुरुस्त करने के निर्देश

**हमीरपुर।** जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निर्देशन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेंट्रल मैनेजर मोनिका गुप्ता तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव सिंह उपस्थित रहे। सचिव ने अल्पावास किचन आदि का निरीक्षण किया। अल्पावास में कोई भी महिला दाखिल नहीं पाई गई। निरीक्षण के पश्चात सचिव ने बताया कि जिन महिलाओं को विधिक सहायता की आवश्यकता है अथवा किसी मामले में मध्यस्थता कराई जानी है, उसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से किसी भी समय संपर्क किया जा सकता है। निरीक्षण के समय उन्होंने वन स्टाप सेंटर में लगाए गए कैमरों को दुरुस्त कराने व संधारित्र पंजिकाओं में सही समय व तिथि अंकित किए जाने के निर्देश दिए।



साइकिल यात्रा में निकले समाजवादी कार्यकर्ता देवेंद्र व सीताराम। अमृत विचार

### छतरपुर से साइकिल पर निकले दो समाजवादी

**मौदहा (हमीरपुर)।** पड़ोसी जनपद महोबा की सीमा से सटे राज्य मध्य प्रदेश से मिशन 2027 को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव को यूपी का मुख्यमंत्री बनाने की मुहिम शुरू हो गई है। जिसके चलते छतरपुर के दो समाजवादी सिपाही साइकिल यात्रा लेकर लखनऊ के लिए निकल पड़े हैं। बुंदेली धरती इस समय भीषण गर्मी और हीट वेव की चपेट में है और लोगों से दिन में घरों से नहीं निकलने की एडवाइजरी जारी की गई है। ऐसे में छतरपुर जिले के देवेंद्र सिंह यादव और सीताराम यादव ने आगामी यूपी विधानसभा चुनावों में पीडीए को साथ लेकर अखिलेश यादव को यूपी का मुख्यमंत्री बनाने के लिए छतरपुर से लखनऊ तक साइकिल यात्रा शुरू की है। इस दौरान दोनों सपा के सिपाहियों ने अखिलेश यादव और सपा की युवा सांसद इकरा हसन जिंदाबाद के नारे लगाए। उन्होंने बताया कि वह वर्ष 2000 से सपा के सिपाही के तौर पर काम कर रहे हैं और यूपी सहित देश में अखिलेश यादव का नेतृत्व देखना चाहते हैं। साथ ही बताया कि अखिलेश यादव की सरकार में जो यूपी का विकास हुआ है इसलिए वह चाहते हैं कि पीडीए को साथ लेकर चलने वाली सपा की सरकार उनके राज्य में भी बने।

### जिले में छह नए एग्री जंक्शन खुलेंगे

**हमीरपुर।** कृषि विभाग की ओर से जिले में छह वन स्टॉप शॉप (एग्री जंक्शन) स्थापित कराया जाएगा। यह एग्री जंक्शन कृषि स्नातक कर चुके बेरोजगार युवाओं को ही आवंटित होंगे। इनके जरिए वह कृषि उद्यमी केंद्र स्थापित कर अपना व्यवसाय करेंगे। कृषि उप निदेशक डा. हरिशंकर भार्गव ने बताया कि प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना से जनपद के विकास खंडों पर वन स्टाप शॉप (एग्री जंक्शन) के छह केंद्र खोले जाने का लक्ष्य शासन ने दिया है। जिसमें कृषि स्नातकों/कृषि व्यवसाय प्रबंधन स्नातक इस योजना में पात्र होंगे। इनका चयन जिला स्तरीय गठित समिति करेगी। कहा आवेदक की आयु 27 मई 2024 तक 40 वर्ष से अधिक न हो। अनुसूचित जाति महिलाओं को पांच वर्ष की अधिकतम छूट मिलेगी। 30 जून तक आवेदन ऑनलाइन जमा करना है। बेरोजगार https://agridarshan.up.gov.in लॉगिन कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अन्य किसी जानकारी के लिए उप कृषि निदेशक से ले सकते हैं।

### हाईवे पर दो डंपर आमने सामने भिड़े, चार घायल

**सुमेरपुर।** थाना क्षेत्र के इंगोहटा के आगे हाईवे पर दो डंपर आमने-सामने भिड़ गए, जिससे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर सभी लोगों को कानपुर रेफर कर दिया गया। मंगलवार की रात करीब 2 :30 बजे नेशनल हाईवे 34 पर इंगोहटा गांव के आगे सिंह ढाबा के सामने दो डंपर आमने-सामने टकरा गए। इस घटना में पतारा घाटमपुर निवासी सोनू (21), नगलापुर घाटमपुर निवासी गया प्रसाद (30), नर्वल कानपुर निवासी शुभम (28), नगलापुर घाटमपुर निवासी विजय (50) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे की इंगोहटा चौकी इंचार्ज शिव शंकर पांडे ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सदर अस्पताल भेजा। जहां गंभीर हालत में कानपुर रेफर कर दिया गया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि दोनों डंपरों के चालक खलासी घायल हुए है। केबिन में फंसे घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद निकाल कर अस्पताल भेजा गया है।


कार्यक्रम में भाग लेते कैबिनेट मंत्री राकेश सचान और भाजपाई। अमृत विचार

### 11 वर्ष के विकास कार्यों से रूबरू कराया

**बिवांर (हमीरपुर)।** विकसित भारत के अमृतकाल के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सचान व विशिष्ट अतिथि संदीप श्रृंगी रहे। उन्होंने ग्यारह साल में किए गए विकास कार्यों से रूबरू कराया। विशिष्ट अतिथि ने बताया कि 2014 के बाद कैसे सरकार ने स्टार्टअप की वृद्धि कर 1.6 लाख स्टार्ट अप चल रहे हैं। उन्होंने भाजपा की योजनाओं से रूबरू कराया है। मुख्य अतिथि ने देश व वैश्विक स्तर किए जा रहे कार्यों व योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि को भाजयुमो के प्रदेश सोशल मीडिया सदस्य जगतराज सिंह प्रजापति ने भगवान रामचंद्र की मूर्ति व जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष देवकीनंदन विश्वकर्मा ने भगवान राम का चित्र भेंट किया। इस मौके पर राठ विधायक मनीषा अनुरागी, सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, राठ चैयरमेन श्रीनिवास बुधौलिया, पूर्व विधायक अम्ब्रेश कुमारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी, जनसेवक अभिषेक द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख वीर नारायण राजपूत, जिला पंचायत सदस्य करन दद्दू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में भाजपा के मंडल महामंत्री की मौत पर दो मिनट का मौन धारण कर शोक जताया गया और आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**मौदहा।** बांदा-कानपुर रेल मार्ग में मौदहा अकौना के बीच एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के करहिया गांव निवासी संदीप कुशवाहा (26) पुत्र अखिलेश की गांव के निकट रेलवे क्रासिंग पर ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना मिलते ही आसपास के लोगों का घटनास्थल पर जमावड़ा लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतक अपने परिवार में दो भाइयों में छोटा और अविवाहित था। जबकि मृतक के पिता खेती किसानी कर परिवार चलाते हैं। वहीं लोग इस मामले को आत्महत्या के मामले से जोड़कर देख रहे हैं। लेकिन संदीप ने आत्महत्या करने जैसा कदम क्यों उठाया यह अभी समय के गर्भ में छिपा हुआ है। घर में हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# नाबालिग से छेड़खानी में दोषी को 3 साल की सजा

## श्रीनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में चार पहले हुई थी घटना

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** चार साल पहले घर में घुसकर एक किशोरी के साथ छेड़खानी करने के मामले में अदालत ने दोष सिद्ध हो जाने पर अभियुक्त को तीन साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है और तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

श्रीनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी 18 मई 2021 को घर पर अकेली थी। उसके माता-पिता गांव से बाहर गए हुए थे। तभी ननौरा निवासी जितेंद्र यादव छत के रास्ते से किशोरी के घर में पहुंचा और किशोरी का हाथ पकड़कर उसके



- अदालत ने अभियुक्त पर तीन हजार रुपये अर्थदंड लगाया
- अर्थदंड अदा नहीं करने पर एक माह की अतिरिक्त सजा

साथ छेड़खानी करने लगा। किशोरी के चिल्लाने पर उसका भाई जाग गया तो अभियुक्त मौके से भाग निकला। घटना की रिपोर्ट पीड़िता के परिजनों ने 19 मई 2021 को श्रीनगर थाने में दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने विवेचना पूरी कर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की।

बुधवार को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) अपर जिला जज संदीप चौहान ने दोनों पक्षों की बहस और दलीलें सुनने के बाद अभियुक्त जितेंद्र यादव को लैंगिंग अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 8 के अपराध में तीन वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई और तीन हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना न देने पर एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। डीजीसी पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि किशोरी के साथ छेड़खानी के मामले में अभियुक्त को एक वर्ष सश्रम कारावास और एक हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना अदा न करने पर 15 दिन की सजा भुगतनी पड़ेगी। सभी सजाएं साथ चलेंगी।

# करंट लगने से किसान की मौत

**महोबा।** श्रीनगर थाना क्षेत्र के ननौरा हार में ट्रांसफार्मर का तार खेत पर गिरने से किसान की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। सांस की आस में परिजनों ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

ननौरा निवासी कामता प्रसाद गुप्ता (35) पुत्र नाथुराम गुप्ता बुधवार सुबह अपने खेत गया था। खेत के पास पड़े बिजली के तार में पैर छू जाने से उसे जोर का करंट लगा, जिससे वह मौके पर गिरकर बेहोश हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसके घर पर सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग खेत पहुंचे और गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां डाक्टर ने चेकअप करने के बाद मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# राज्यसभा सदस्य ने गिनाई उपलब्धियां

कार्यालय संवाददाता, महोबा



बुधवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता करते राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मोदी सरकार की हर योजना के केंद्र में जनकल्याण और आम नागरिक के जीवन को आसान करने के साथ देश की वैश्विक स्तर पर नए आयाम देने की भावना रही है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत की धरती पर किसी भी हमले को युद्ध माना जाएगा। यह बात राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद ने बुधवार को भाजपा कार्यालय में मोदी सरकार के 11 साल सेवा, सुशासन, गरीब, कल्याण के पूर्ण होने पर प्रेस वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने नक्सलवाद पर काबू पाया है। मोदी सरकार ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर की शुरुआत कर 44 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंचाना शुरू कर दिया, जिससे दलालों की भूमिका खत्म हो गई और भ्रष्टाचार में भी कमी आई है। वर्ष 2025-26 में कृषि बजट को 5 गुना बढ़ाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.7 लाख

- केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर राज्यसभा सदस्य ने की प्रेस वार्ता

करोड़ दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि 81 करोड़ लोगों को मुफ्त में अन्न दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक पक्के घर बने। जल जीवन मिशन के तहत 15 करोड़ से अधिक घरों में नल से जल पहुंचाया जा रहा है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत 12 करोड़ शौचालय बनाए गए। कृषि सिंचाई योजना के तहत 93 हजार करोड़ से 112 सिंचाई परियोजनाएं शुरू हुईं। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत 40.71 करोड़ स्वास्थ्य बीमा कार्ड जारी किए गए। जिनसे 9 करोड़ से अधिक अस्पताल में 1.3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के मुक्त इलाज की सुविधा मिल रही है। इस मौके पर सदर विधायक राकेश गोस्वामी, विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सेंगर, निवर्तमान सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा, अभियान की संयोजक रविंद्र महेंद्र, मीडिया प्रभारी सत्येंद्र प्रताप आदि भाजपाई मौजूद रहे।

# किसानों को तकनीक से खेती पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत विकास खंड जैतपुर के बौरा गांव में खरीफ गोष्ठी हुई, जिसमें राज्य व केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में कृषकों को जानकारी दी गई। इस मौके पर गोष्ठी में किसानों ने बढ़-चढ कर हिस्सा लिया।

केन्द्र के प्रभारी डा. एसपी सोनकर ने खेती के साथ पशुपालन, में गाय, बकरी में जखराना, मुर्गीपालन में कड़कनाथ नस्ल के बारे में चर्चा की गई। बागवानी क्षेत्र में अमरूद, आम, बेल, बेर, आंवला, मुसम्मी, किन्नों, संतरा इत्यादि लगाने की सलाह दी गई। कहा कि वर्तमान समय में मानक के अनुरूप गड्ढा की खुदाई कर सकते हैं साथ ही साथ विभागीय योजनाओं

- कृषि संकल्प अभियान में किसानों को किया जागरूक

का लाभ लेकर बागवानी में बढ़ावा देने की बात कही। खरीफ में अरहर, उर्द, मूंग तिल, मूंगफली फसलों के बारे में जानकारी दी।

उद्यान निरीक्षक सुलेमान खान ने उद्यान विभाग की क्राप पर ड्राप मोर क्राप, ड्रिप सिंचाई व बागवानी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। सहायक कृषि तकनीकी प्रबंधक, दलपत ने कृषि विभाग की समस्त योजनाओं जैसे पीएम किसान सम्मान निधि, सोलर पम्प, फैंसिंग व बीज किट के बारे में चर्चा की। प्रक्षेत्र प्रबंधक, दिवाकर मौर्या ने खरीफ 2025 फसल नियोजन एवं उनमें आने वाली कठिनाईयों पर चर्चा की। इस मौके पर सौरभ शुक्ला, अनीता सिंह, राहुल मिश्रा आदि रहे।



गोष्ठी में भाग लेते सदर विधायक और भाजपा नेता।


गोष्ठी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# भाजपा सरकार में विकास कार्य तेज : चंदेल

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** हमीरपुर-महोबा संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने कहा कि भाजपा सरकार देश के सभी वर्गों के लिए जो काम किया है, वह किसी से छिपा नही है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार ने किसानों, मजदूरों और व्यापारियों के लिए और देश

- पूर्व सांसद और विधायक ने सरकार के काम गिनाए

की सुरक्षा के लिए अभूत पूर्व कार्य किया है।

बुधवार को आयोजित गोष्ठी में उन्होने कहा कि भाजपा सरकार में चारों तरफ एक्सप्रेस-वे और हाईवे का जाल बिछा है, जिससे तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। हर क्षेत्र में भाजपा सरकार ने विकास किया है। इस मौके पर सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों को आशियाना दिया। राशन कार्डधारक को हर माह निःशुल्क खद्यान्न दिया जा रहा है।

भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने कहा कि जो कार्य रह गए हैं, उन्हें कराया जाएगा। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार की बढती लोकप्रियता से विपक्षी दलों के हौसले पस्त हो गए हैं। इसीलिए अर्नगल बयानबाजी करते है। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, पूर्व जिलाध्यक्ष डा. कमलेश सक्सेना आदि वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए।

# बीडीओ के खिलाफ ग्राम प्रधानों का मोर्चा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** चरखारी विकास खंड में नए बीडीओ विपिन गुप्ता की कार्यशैली पर विरोध बढ़ता जा रहा है। प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष जगदेव पटेल के नेतृत्व में करीब दो दर्जन ग्राम प्रधानों ने विरोध जताते हुए विधायक डॉ. बृजभूषण राजपूत से मिलकर शिकायत की है। प्रधानों का आरोप है कि बीडीओ कार्यालय के कामों में अनावश्यक दखल देते हैं। वे बार-बार अभिलेखों की जांच कर कमियां निकालते हैं। इसके आधार पर प्रधानों का आर्थिक शोषण किया जाता है।

विरोध करने वालों में कुसरमा, अनघौरा, बल्लायं, कुड़ार, लुहारी, गोरखा, अस्थौन, बैहारी, फतेहपुर, सोहजना और कुरौराडांग समेत कई गांवों के प्रधान शामिल थे। प्रधानों

- ग्राम प्रधानों ने चरखारी विधायक से खंड विकास अधिकारी की शिकायत की

ने ग्राम गौरहरी के प्रधान के मामले का हवाला देते हुए कार्रवाई की मांग की। विधायक ने प्रधानों की शिकायत को गंभीरता से लिया। बीडीओ से फोन पर बात की और कार्यशैली में सुधार के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानों व सचिवों के साथ बैठक कर आपसी सामंजस्य बनाने को कहा। विधायक ने कहा कि ग्राम प्रधान 70 हजार लोगों की आवाज हैं। उनकी समस्याओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता। इससे पहले जिले के ग्राम विकास अधिकारी भी बीडीओ की कार्यशैली के विरोध में एक दिन का धरना दे चुके हैं। अब प्रधानों के विरोध से बीडीओ के खिलाफ माहौल गरमा गया है।

# आरक्षी अभ्यर्थी भेजे जाएंगे लखनऊ

ब्रीफिंग

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 में चयनित अभ्यर्थियों को 15 जून को लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचेंगे। जिले के चयनित अभ्यर्थियों को लखनऊ ले जाने के लिए पुलिस की ओर से व्यवस्था की गई है।

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने इस कार्यक्रम में जनपद से चयनित अभ्यर्थियों को लखनऊ ले जाने के लिए ड्यूटी में नामित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पुलिस लाइन सभागार में ब्रीफिंग की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम की रूपरेखा, यात्रा की समय सारणी, आवास एवं भोजन व्यवस्था, सुरक्षा मानकों सहित


पुलिस अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग करते एसपी प्रबल प्रताप सिंह। अमृत विचार

- अभ्यर्थियों को ले जाने और लाने के लिए की गई व्यवस्था
- 15 जून को मिलेंगे नियुक्ति पत्र गृहमंत्री, मुख्यमंत्री भी रहेंगे

आवश्यक दिशा-निर्देशों से सभी अधिकारियों को अवगत कराया गया।

नामित अधिकारियों, कर्मचारियों को उनके विशिष्ट दायित्व सौंपे गए, ताकि प्रतिभागी अभ्यर्थियों को लखनऊ तक सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं गरिमामय ढंग से पहुंचाया जा सके। पुलिस द्वारा यह सुनिश्चित कराया जाएगा कि चयनित अभ्यर्थियों को हर स्तर पर आवश्यक सुविधाएं एवं सहयोग उपलब्ध हो सके।

इस मौके अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकांत गोंड, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अरुण कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रैंकिंग में महोबा पुलिस को मिला चौथा स्थान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले की पुलिस ने सीएम डैशबोर्ड पर मई माह की रैंकिंग में प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। एसपी ने जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के नेतृत्व एवं निर्देशन में पुलिस ने सीएम डैशबोर्ड पर कानून व्यवस्था के मानकों के रैंकिंग में मई में प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। पुलिस ने शासन की प्राथमिकताओं के अनुसार योजनाओं और सेवाओं में सीएम डैशबोर्ड पर आने वाली चुनौतियों को प्रभावी ढंग से दूर किया। पुलिस के इस शानदार प्रदर्शन पर उच्चाधिकारियों द्वारा लगातार समीक्षा की गई और विभाग के सभी अधिकारियों और थाना प्रभारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में गिरोहबंद अधिनियम के तहत कार्रवाई,


एसपी प्रबल प्रताप सिंह। अमृत विचार

एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई, गैंगस्टर अधिनियम की लंबित विवेचना, गुंडा अधिनियम के अन्तर्गत कार्रवाई, गिरफ्तारी आत्मसमर्पण, गोवध निवारण अधिनियम, अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध ;गंभीर चोटद्ध, अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध ;बलात्कारद्ध, अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध, अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध, आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत कार्रवाई, जघन्य अपराधों में लंबित विवेचना समेत कुल 51 बिंदु शामिल हैं।

# लापरवाही में 5 अधिकारियों पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने जन शिकायतों के समाधान में लापरवाही बरतने वाले पांच अधिकारियों का वेतन रोकने और श्रम प्रवर्तन अधिकारी को प्रतिकूल प्रवष्टि जारी करने के निर्देश दिए। डीएम ने रैंकिंग के निर्धारित 11 बिंदुओं पर विभागवार ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पुष्पेन्द्र निरंजन से जानकारी ली।

बैठक में सबसे महत्वपूर्ण बिंदु, शिकायकर्ता से प्राप्त असंतुष्ट फीडबैक व शिकायतकर्ता से सम्पर्क न किए जाने और प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की गई। समीक्षा दौरान संबंधित अधिकारी ने शिकायतकर्ता से मुलाकात की है कि नही। शिकायत का निस्तारण संतुष्टि के आधार पर हुआ कि नहीं इन बिंदुओं को भी देखा गया।

जन शिकायतों के समाधान में लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी


बैठक में निर्देश देती डीएम। अमृत विचार

ने जिला समाज कल्याण अधिकारी शशिकांत सिंह, अधिशाषी अभियंता विद्युत नगरीय पीयूष कुमार, अधिशाषी अभियंता विद्युत ग्रामीण अनिल कुमार व परियोजना अधिकारी डूडा राकेश कुमार वर्मा का वेतन रोकने के निर्देश दिए तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी महेंद्र सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी नें अधिशाषी अभियंता जल निगम, एआरएम रोडवेज व सहायक अभियंता लघु सिंचाई से स्पष्टीकरण मांगा है। रोड सुबह कार्यालय में जनसुनवाई करने के निर्देश दिए है। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर संतुष्टि के आधार पर नियमानुसार निस्तारण करें। स्थलीय निरीक्षण कर गवाहों के हस्ताक्षर, फोटोग्राफ सहित आख्या लगाई जाए। समीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाले खाद्य सुरक्षा, आबकारी, कार्यक्रम, स्वास्थ्य, पशु पालन, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, खनिज, कृषि, राजस्व, ग्राम्य विकास विभाग व नगर पालिका महोबा को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश, उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, उपजिलाधिकारी चरखारी डॉ. प्रदीप कुमार, उपायुक्त मनरेगा अशोक कुमार, जिला विकास अधिकारी पंकज यादव आदि उपस्थित रहे।

महात्म्य बताया

पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गोरखगिरि की लगाई परिक्रमा, गोष्ठी में पर्वत की बताई गई महिमा, 14 वर्ष के वनवास दौरान श्रीराम, सीता व लक्ष्मण आए थे गोरखगिरि

# चित्रकूट के कामदगिरि की तरह फल देने वाला है गोरखगिरि

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** गुरु गोरखनाथ परिक्रमा समिति के तत्वावधान में ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा पर शहर के ऐतिहासिक गोरखगिरि की श्रद्धालुओं ने परिक्रमा लगाई। परिक्रमा समाप्ति के बाद शिव मंदिर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने गोरखगिरि के महत्व के साथ गोरखगिरि की परिक्रमा लगाने से चित्रकूट के कामदगिरि की तरह मिलने वाले फल पर भी प्रकाश डाला।

ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा पर बुधवार को श्रद्धालु शिव मंदिर में एकत्रित हुए प्रातः छह बजे गोरखगिरि परिक्रमा आरम्भ करते



बुधवार को गोरखगिरि की परिक्रमा लगाते भक्त। अमृत विचार

हुए पठवा के बाल हनुमान मंदिर, महावीरन, कबीर आश्रम, हाजी फिरोजशाह बाबा, सकरे सन्या, भूतनाथ, काली माता, राधा कृष्ण, छोटी चंडिका मंदिर होते हुए पुलिस लाइन पहुंची। इसके बाद नागौरिया, बालाजी हनुमान, सुनरा सुनरिया, काल भैरव मंदिर होते हुए पुनः शिवतांडव मंदिर परिसर में समाप्त हुई। परिक्रमा दौरान भक्तगण हाथों में भगवा व पीले ध्वज लेकर जय श्रीराम, गुरु गोरखनाथ के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। परिक्रमा मार्ग पर पड़ने वाले ऐतिहासिक मंदिरों में माथा टेक कर कल्याण की कामना की।

परिक्रमा के बाद आयोजित गोष्ठी में समिति के प्रमुख डॉय एलसी अनुरागी ने कहा कि गोरखगिरि पर्वत औषधियों का भंडार है, यहां बरसात के समय तमाम प्रकार की जड़ी बूटियां मिलती है। उन्होंने कहा कि 14 वर्ष के वनवास काल में भगवान राम, माता सीता व लक्ष्मण के गोरखगिरि में चरण पड़े थे, जिससे यह पर्वत चित्रकूट के कामदगिरि पर्वत की तरह चारो फल धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष प्रदान करने वाला है।

उन्होने कहा कि सतोगुण से ज्ञान प्राप्त होता है। रजोगुण से लोभ व तमोगुण से मोह पैदा होता है। सतोगुणी उच्च लोक में जाते हैं। रजोगुणी पृथ्वीलोक में ही रह जाते हैं और तमोगुणी नरक लोक में जाते हैं। समाजसेवी शिकुमार गोस्वामी ने परिक्रमा मार्ग के धार्मिक स्थलों के इतिहास से परिचय कराया। इस मौके पर अधिवक्ता सुनीता अनुरागी, पं. हरीशंकर नायक, गौरीशंकर कोष्ठा, बैजनाथ, ओमप्रकाश साहू, परशुराम, पप्पू सैन, चंद्रभान श्रीवास, मुन्नालाल, राकेश चौरसिया सहित तमाम महिलाएं मौजूद रहीं।

# गल्ला मंडी की स्थापना के लिए बार संघ ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, कुलपहाड़

**अमृत विचार।** नगर में गल्ला मंडी की स्थापना कराए जाने को लेकर तहसील बार संघ एवं कृषक अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपते हुए अतिशीघ्र मंडी का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

बार एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष मनमोहन नामदेव के नेतृत्व में सदस्य संदीप खरे, अविनाश कुमार, विकास कुमार, धनपत विश्वकर्मा आदि कृषक अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी गजल भारद्वाज को देते हुए कहा है कि पिछले वर्ष पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति द्वारा कुलपहाड़ नगर में मंडी निर्माण की विज्ञप्ति जारी की गई थी, जिसमें किसानों द्वारा जमीन उपलब्ध कराए जाने के लिए सहमति पत्र भी प्रस्तुत की गई थी।

एक वर्ष बीत जाने के बाद भी लेकिन अभी तक इस ओर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। कहा कि नगर कुलपहाड़ में तहसील स्तर एवं आसपास के काफी ग्राम आते हैं। किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए महोबा अथवा चरखारी मंडी स्थल जाना पड़ता है। जिससे समय और धन की बर्बादी होती है। इस लिए नगर कुलपहाड़ में मंडी स्थल का अतिशीघ्र निर्माण कराया जाना आवश्यक है।

# किसान खाली पड़ी भूमि पर उगाएं मूंग की फसल: सूर्य प्रताप शाही

## कर्वी के सिद्धपुर में विकसित कृषि संकल्प अभियान के उद्घाटन में कृषि मंत्री ने दी सलाह

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट


कार्यक्रम को संबोधित करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि किसानों की भलाई के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार प्रतिबद्ध हैं। कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य किसानों तक कृषि की नवीनतम तकनीक व योजनाओं की जानकारी पहुंचाना है। जिले के किसानों को सलाह दी कि इस समय काफी भूमि खाली पड़ी है जबकि इसमें मूंग की फसल लगानी चाहिए।

कर्वी ब्लाक के गांव सिद्धपुर में बुधवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान कृषि मंत्री ने किसानों से अपील की कि वे दलहन एवं तिलहन, श्रीअन्न में सावा, कोदो, मडुआ व मक्का की फसलें अधिक मात्रा में तैयार करें। बुंदेलखंड की जमीन इसके लिए अनुकूल है। जहां पर पानी की उपलब्धता पर्याप्त है, वहीं धान व गेहूं की खेती की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के परिणाम के बारे में अवश्य जानकारी दें। कहा कि बुंदेलखंड में पहले किसान फांसी लगा लेते थे अब ऐसा नहीं हो रहा है। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। राष्ट्रीय संगठन सचिव दीनदयाल शोध संस्थान के अभय महाजन ने कहा कि राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख कहते थे कि पहले हम स्वावलंबी बनें तभी हम अपने समाज को स्वावलंबी बना पाएंगे। उप कृषि निदेशक राज कुमार ने खरीफ उत्पादकता के संबंध में बताया। वरिष्ठ वैज्ञानिक आरएस नेगी ने खरीफ फसलों की बीमारियां एवं उनके बचाव व डॉ. उत्तम कुमार त्रिपाठी ने खरीफ उत्पादकता एवं फसल की तैयार की जानकारी दी। डॉ. सतीश पाठक ने मृदा परीक्षण एवं जलवायु के बारे में बताया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, कोऑपरेटिव बैंक जिलाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, चंद्रप्रकाश खरे, आलोक पांडेय आदि मौजूद रहे।

### किसानों को दिया मिनी किट मृदा स्वास्थ्य कार्ड

- कृषि मंत्री ने किसानों शिव प्रकाश, सुकरी देवी, रानी देवी, शकुंतला देवी एवं भवानीदीन को मिनीकिट दी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत उदयभान सिंह व देवपाल सिंह को चना फसल के क्लेम के निस्तारण से संबंधित पत्र दिया व राज बहादुर, सीताराम पांडेय को मृदा स्वास्थ्य कार्ड सौंपे।

### किसान तब राजा जब खेत में बसे

- उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि बढ़ता हुआ तापमान एवं घटती हुई खेती देश के लिए ठीक नहीं। किसान गांव छोड़कर शहर में रहने लगे हैं। जिस तरह से खेती का रकबा कम हुआ है, उसी तरह गोवंश भी घटा है। किसान राजा तब बनेगा जब शहर छोड़ कर खेत में बसेगा।


डिब्बों पर स्लोगन लिखकर पानी की गुहार लगाते ग्रामीण। अमृत विचार

# डिब्बों पर स्लोगन लिख गुहार लगाने पहुंचे ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** सिद्धपुर गांव की अनुसूचित जाति बस्ती के पानी की किल्लत से परेशान ग्रामीण कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के कार्यक्रम में बर्तनों-डिब्बों पर स्लोगन लिखकर पहुंच गए। बताया जाता है कि पुलिस और नेताओं ने जैसे ही बर्तनों पर लिखे स्लोगन देखे, ग्रामीणों को हटने का फरमान जारी कर दिया।

ग्रामीणों ने नाम छिपाते हुए बताया कि पुलिसकर्मियों ने उनके पानी के बर्तन छीनकर बाहर फेंक दिए। एक बच्चा पानी का डिब्बा लेकर मंच पर मंत्री तक पहुंच रहा था कि उसे भी वहां से हटा दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी बस्ती में नल कनेक्शन तो हैं लेकिन पानी नहीं आता। बिल नियमित रूप से आ जाता है। हैंडपंप भी महीनों से खराब पड़ा है। कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मायूस ग्रामीणों ने नाम छिपाते हुए बताया कि मंत्री की चौपाल से भी उनको भगा दिया गया।

### आंकड़ों के आइने में

- सिद्धपुर गांव की कुल जनसंख्या 1417 है। जहां जल जीवन मिशन के आंकड़ों के मुताबिक, 249 नल कनेक्शन दिए गए हैं। सिद्धपुर गांव के अंतर्गत बच्ची का पुरवा में 22, भुक्खा यादव का पुरवा में 12, चिला पुरवा में 12, देवीदयाल का पुरवा में सात, रामदास रैदास पुरवा में 22, रामजियावन पुरवा में 12, सनैया पुरवा में 35 और अकेले सिर्फ सिद्धपुर में 127 नल कनेक्शन दिए गए हैं। यहां चांदी बांगर योजना के तहत जलापूर्ति की जाती है।

## सार-संक्षेप

### 16 जून को होगी दिशा की बैठक

**चित्रकूट।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 16 जून को होगी। यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक की अध्यक्षता सांसद कृष्णा देवी शिव शंकर पटेल करेंगी। मध्याह्न 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में होने वाली बैठक में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

### सूने घर में चोरों ने किया हाथ साफ

**मऊ (चित्रकूट)।** लालता रोड कस्बे में एक सूने मकान में चोरों ने धावा बोला और घर-गृहस्थी का सामान लेकर चंपत हो गए। भुक्तभोगी अखिलेश कुमार मिश्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह जब मंगलवार की शाम घर पहुंचा तो उसे चोरी की जानकारी हुई। मकान की दीवार फांदकर चोर अंदर घुसे और ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। बताया कि चोर एलईडी टीवी और बर्तन चुरा ले गए। अखिलेश ने बताया कि यह घर बंद रहता है और वह सप्ताह में दो-तीन बार सफाई के लिए आते हैं। इससे पहले तीन मई को भी चोरी हुई थी। इस मामले में थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई और उसका खुलासा अभी तक नहीं हुआ कि दोबारा चोरी हो गई। पीड़ित ने अपनी और परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने बताया कि जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

### पिछले वर्ष की तुलना में फिलहाल गर्मी का सितम कम

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** पिछले वर्ष की तुलना में फिलहाल गर्मी का सितम कम है। गत वर्ष पारा 46 डिग्री तक पहुंच गया था और पावर हाउस में लगे विद्युत ट्रांसफार्मरों को बचाने के लिए कूलर लगाने पड़े थे। हालांकि इस वर्ष भी गर्मी काफी सितम ढा रही है। दोपहर होते ही सड़कों में सन्नाटा पसर जाता है। बुधवार का दिन कस्बे का साप्ताहिक बाजार का दिन होता है, लेकिन गर्मी के कारण दोपहर में बाजार सन्नाटे में डूबा रहा। हालांकि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष जून माह में गर्मी का सितम कम है। पिछले वर्ष पारा 46 डिग्री तक पहुंच रहा था और विद्युत वितरण उपकेंद्र में लगे 10 एमबीए के विद्युत सप्लाई ट्रांसफार्मरों को कूलर से हवा दी जा रही थी। इस वर्ष ऐसा नहीं है। इसके बाद भी दोपहर होते ही लोग घरों में कैद हो जाते हैं और बाजार में सन्नाटा पसर जाता है। हाईवे सहित सभी मार्गों में वाहनों की आवाजाही भी कम हो रही थी।


हाईवे में पसरा सन्नाटा।

# चकमार्ग खुलवा कर शुरू कराया गया काम

**महेवा (इटावा)।** विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत जैतपुर के मजरा दुर्गापुरा में करीब तीस साल से कब्जा युक्त चकमार्ग को श्रावस्ती माडल के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत राजस्व विभाग की टीम ने नाप जोख करके खाली कराया। वहीं ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव की मौजूदगी में उक्त चकमार्ग को तुरंत ही मनरेगा से बनवाने का काम शुरू किया गया।

ग्राम दुर्गापुरा में करीब तीस वर्ष से चकमार्ग पर कब्जा था। ग्रामीणों की शिकायत पर क्षेत्रीय लेखपाल ईशा सिंह ने सहयोगी लेखपाल राहुल गोयल के साथ पहुंचकर पुलिस की मौजूदगी में नाप जोख कर चिन्हीकरण किया वहीं मौजूद ग्राम प्रधान रोहिताश यादव, ग्राम सचिव विनय कुमार ने काम भी शुरू कराया।

# बलवा, मारपीट मामले में पूर्व सांसद और पालिकाध्यक्ष समेत 18 बरी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- आंदोलन के दौरान पथराव करने का मामला

**अमृत विचार।** आंदोलन के दौरान पथराव करने के मामले में न्यायालय ने पूर्व सांसद व नगर पालिकाध्यक्ष समेत 18 लोगों को साक्ष्य के अभाव में आरोप से बरी कर दिया है।

अधिवक्ता संघ जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2009 में बसपा शासन काल में सपा के कार्यकर्ताओं ने जिले में प्रदर्शन किया था, जिनके खिलाफ पुलिस ने बलवा करने, पुलिस के साथ मारपीट करने का मामला दर्ज किया था। सभी आरोपियों को नवंबर 2023 में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने एक -एक साल की सजा भी सुनाई थी। हालांकि उसी दिन सभी की जमानत हो गई थी। इसके बाद उन्होंने न्यायालय में अपील की थी। मंगलवार को जिला अपर सत्र न्यायालय के न्यायाधीश अनुराग कुरील ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने सभी को बरी कर दिया। पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने बताया कि 2009 में सपा ने बसपा शासन के खिलाफ प्रदेश में तीन दिवसीय आंदोलन किया था। इसीके तहत चित्रकूट जिले में भी आंदोलन किया गया था। उस दौरान पुलिस ने बलवा करने सहित पुलिस पर मारपीट करने का मामला दर्ज कर लिया था। इस मामले में कुल बीस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इनमें पूर्व जिलाध्यक्ष सपा राजबहादुर सिंह यादव की मृत्यु हो चुकी है। बुधवार को न्यायालय द्वारा सुनाए गए फैसले में पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल के साथ पूर्व विधायक सपा वीर सिंह पटेल, नगर पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, सपा के जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष सपा भइया लाल यादव व गौरीशंकर मिश्रा, निर्भय सिंह , शक्तिप्रताप सिंह, भोलानाथ खंगार, कुबेर पटेल, विनय प्रकाश, हरीगोपाल, कमल मौर्य, मनोज सिंह, रामगोपाल, सुनील सिंह, राजेंद्र शुक्ला, महेंद्र गुलाटी को आरोपों से बरी कर दिया गया है। पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल और पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता इस समय भाजपा में हैं।

# होटलों-ढाबों में 24 घंटे के अंदर लगाएं सीसीटीवी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



यातायात कमांड सेंटर में कैमरों पर नजर बनाए ऑपरेटर सिपाही, चौराहे में पोल पर लगा सीसीटीवी कैमरा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस प्रशासन ने होटलों-ढाबों और रेस्टोरेंटों में आयेदिन होने वाली घटनाओं के मद्देनजर आपरेशन दृष्टि की शुरुआत की है। सदर कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इसके तहत इनके संचालकों को 24 घंटे के अंदर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शहर के प्रमुख खानपान केंद्रों में अराजक तत्वों की गतिविधियां बढ़ी हैं। इन पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे आवश्यक हैं। सुरक्षा मानकों का पालन न करने वाले संचालकों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताया कि पुलिस ने पांच सदस्यीय विशेष टीम भी बनाई है। यह टीम जिले के सभी होटलों, ढाबों और रेस्टोरेंटों का निरीक्षण करेगी। हर जगह कैमरों की स्थिति की जांच की जाएगी और खराब कैमरों को तुरंत ठीक कराया जाएगा। बताया कि यह अभियान डराने के लिए नहीं है बल्कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना है। बताया कि इस व्यवस्था को लेकर यातायात विभाग भी सतर्क है। धनुष चौराहे, पटेल तिराहे, शंभू बाबू पेट्रोल पंप, चकरेही चौराहा, शंकर बाजार, गल्लामंडी, एलआईसी तिराहा, बस स्टैंड, कालीदेवी चौराहा और पुरानी बाजार कोतवाली चौराहे पर कैमरे लगाए गए हैं। इसकी मॉनीटरिंग के लिए एक ऑपरेटर सिपाही है, जिससे आसानी से किसी भी आपात स्थिति का पता लगाया जा सके। नागरिकों ने इस पहल का स्वागत किया है। उनका मानना है कि इससे अपराधियों में डर पैदा होगा।

# नहरों से सिल्ट सफाई का उठा मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट


सिंचाई बंधु की बैठक में मौजूद अधिकारी और किसान। अमृत विचार

- सिंचाई विभाग के सभागार में हुई सिंचाई बंधु की बैठक

**अमृत विचार।** सिंचाई विभाग सभागार में बुधवार को सिंचाई बंधु की बैठक हुई। इसमें किसानों ने नहरों की सफाई का मुद्दा उठाया। किसानों का कहना था कि बैठकों में अधिकारियों के न आने से यह महज औपचारिकता बनकर रह जाती हैं।

भारतीय किसान यूनियन सदर तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि नहरों की समय से सफाई की जाए, जिससे फसलों को पानी मिल सके। खरीफ सत्र की फसलों की बुआई के समय को देखते हुए पानी उपलब्ध कराया जाए। छेछरिहा के किसान अजीत कुमार ने नलकूप विभाग में बोरिंग के लिए रुके अनुदान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इसे बिना किसी कारण लंबित रखा गया है। किसानों ने बिजली आपूर्ति को लेकर भी आक्रोश जताया। इनका कहना था कि खेती के लिए 15 घंटे बिजली मिलनी चाहिए। तय किया गया कि इस संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। किसानों ने इस बात पर रोष जताया कि इस तरह की महत्वपूर्ण बैठकों में कई अधिकारी नहीं आते, जिससे समस्याओं का निराकरण नहीं होता पाता। बैठक महज औपचारिकता बनकर रह जाती है। बैठक में उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, रामेश्वर सिंह, छेदीलाल, अजीत सिंह, श्रीकेशन, अधिशासी अभियंता, सीओ आदि मौजूद रहे।

# चंद्रावल नदी के पुल पर गड्ढे, दिख रहीं सरियां

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मुख्यालय के यमुना पुल पर आई कमजोरी के चलते सप्ताह में दो दिन के लिए पुल बंद कर दिया गया है। लेकिन क्षेत्र के चंद्रावल नदी में बने पुल की स्थिति भी कमोबेश ऐसी ही होती जा रही है। बांदा सड़क मार्ग कपसा रोड पर बने चंद्रावल नदी के पुल पर स्लैब में गड्ढे होने से सरिया दिखाई देने लगी हैं। लेकिन अब तक लोक निर्माण विभाग सहित अन्य किसी विभाग के जिम्मेदार की इस पर नजर नहीं पड़ी है।

मौदहा से बांदा जाने वाले एकमात्र सड़क मार्ग पर कपसा पर स्थित सिजनौडा गांव में चंद्रावल नदी पर बने पुल की स्थिति अब खराब होने की कगार पर पहुंच गई है। पुल पर दो जगह स्लैब में गड्ढे होने के कारण सरिया दिखने लगी है, जो लगभग समाप्त होने की कगार पर पहुंच रही हैं। हालांकि अभी तक इस पुल पर किसी तरह के हादसे की खबर नहीं आई है, लेकिन अगर लोक निर्माण विभाग द्वारा समय रहते मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो जरूर किसी हादसे की आशंका जताई जा सकती है। बताते चलें कि पुल पर आए इतने बड़े गड्ढों पर भी जिम्मेदारों का ध्यान नहीं गया है। बताते चलें कि अभी यमुना नदी के पुल को मरम्मत कार्य के चलते सप्ताह में दो दिन के लिए बंद कर दिया गया है।

# बाबूराम के परिजनों को मिले आर्थिक सहायता व नौकरी

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

- राजापुर के ब्राह्मण समाज ने दिया एसडीएम को ज्ञापन

**अमृत विचार।** तुलसीतीर्थ के ब्राह्मण समाज के लोगों ने उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसमें स्व. रामबाबू तिवारी के परिवार के लिए सुरक्षा, सहायता राशि व सरकारी नौकरी की मांग की गई है।

इनका कहना था कि लोहदा थाना सैनी जिला कौशांबी के सिद्धार्थ तिवारी उर्फ घुन्नू पुत्र स्व. रामबाबू तिवारी को पाक्सो एक्ट के कथित फर्जी मुकदमे में जेल भेजा गया था और मेडिकल परीक्षण के दौरान दुराचार की कोई पुष्टि नहीं हुई थी। सामाजिक रूप से प्रताड़ित होकर आहत रामबाबू तिवारी के आत्महत्या करने की बात सामने आई थी। स्व. तिवारी के परिजनों एवं सवर्ण आर्मी के लोगों द्वारा पीड़ित परिवार के लिए न्याय मांगने पर पुलिस ने इनको दौड़ा दौड़ाकर पीटा था। प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में रिपोर्ट भी दर्ज कर ली गई। इन लोगों ने बताया कि इस पूरे घटनाक्रम का मुख्य आरोपी ग्राम प्रधान है। जिसने चुनावी रंजिश के चलते यह साजिश रची थी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के हस्तक्षेप के बाद जब जांच की गई तो भी यही पाया गया कि प्रधान और उसका भाई मुख्य रूप से दोषी है। मुख्यमंत्री से मांग की कि पूरे प्रकरण का निष्पक्ष तरीके से जांच करवा कर दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए। स्व. रामबाबू तिवारी के परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि दी जाए, शस्त्र लाइसेंस निर्गत किया जाए और परिवार को सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई जाए। इस मौके पर समाजसेवी सुनील मिश्रा, अमित कुमार पांडेय, मनोज द्विवेदी रमपुरिया, वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार उपाध्याय, अधिवक्ता आलोक पांडेय, राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद जिला अध्यक्ष अनिल देवरवा, श्रीष मिश्रा, मनीष मिश्रा, संजीव पांडेय आदि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सुरेंद्रपाल ग्रामोदय विद्यालय में होगा कार्यक्रम

# तीर्थक्षेत्र में 20 जून तक 107 स्थानों पर होगा योगाभ्यास

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)


आरोग्यधाम में योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दीनदयाल शोध संस्थान के तत्वावधान में तीर्थ क्षेत्र की प्रमुख संस्थाओं, संत महात्माओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से लगभग दो सौ लोगों को आरोग्यधाम में प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहले दिन बुधवार को प्रशिक्षक डॉ. तुषार कांत शास्त्री ने आरोग्यधाम में प्रशिक्षण दिया।

चित्रकूट क्षेत्र में 107 स्थानों पर योगाभ्यास किया जाएगा। इसके लिए चुने गए स्थानों में सभी प्रमुख मंदिर, आश्रम एवं सामाजिक संस्थाओं सहित विभिन्न विभाग शामिल हैं। बताया गया कि इन स्थानों पर 14 जून से 20 जून तक सुबह साढ़े पांच बजे से एक घंटे तक प्रशिक्षकों द्वारा प्राणायाम, मुद्राभ्यास, संधियोग, योगासन और सूर्य नमस्कार की सभी क्रियाएं एवं आसन कराए जाएंगे। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सुरेंद्रपाल ग्रामोदय विद्यालय, दीनदयाल में सामूहिक कार्यक्रम किया जाएगा।

### उप्र और मप्र दोनों क्षेत्रों में होगा कार्यक्रम

- कार्यक्रम के संयोजक प्रधानाचार्य मदन तिवारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश अंतर्गत चित्रकूट जिले की नगर पालिका चित्रकूट धाम परिक्षेत्र तथा मध्य प्रदेश नगर परिषद वाले परिक्षेत्र से लगभग 107 केंद्रों में प्रशिक्षण का कार्यक्रम एवं प्रतिदिन दैनिक योगाभ्यास का कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का यह नौवां संस्करण है।

### लोगों से की इसमें शामिल होने की अपील

दीनयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने चित्रकूट नगर एवं सभी ग्रामीण केंद्रों, स्वावलंबन केंद्रों में लोगों से इसमें शामिल होने की अपील की है। इसके साथ ग्रामवासियों को योग दिनचर्या में शामिल करने का आग्रह किया है। कहा कि योग को दिन चर्या में शामिल करने से कई तरह के रोगों से मुक्ति मिल सकती है। महाजन ने बताया कि जन भागीदारी को सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से ग्रामीण केंद्रों के अतिरिक्त चित्रकूट क्षेत्र में 100 से अधिक स्थानों पर योग शिविर आयोजित करने की योजना रचना तैयार की गई है।

# रास्ते पर भरा नालियों का पानी

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** ग्राम पंचायत सौंखर के मजरा नरायनपुर की गलियों एवं नालियों की कई माह से सफाई न होने से गंदा पानी रास्ते में बह रहा है। जिससे ग्रामीणों को इस रास्ते से निकलना दुश्वार हो गया है।

नरायनपुर गांव निवासी ग्राम पंचायत निवासी नत्थू सिंह, अंकित सिंह, महेश साहू आदि ने बताया कि गांव के शिव मंदिर से लेकर कोटेदार कैलाश नाथ की गली एवं नाली की सफाई महीनों से नहीं की गई है। जिससे नालियों के कचरे से भर गई है और गंदा पानी रास्ते में बह रहा है। पानी बहने से रास्ते में जलभराव होने से पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है। जिससे ग्रामीणों को निकालने के लिए कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। सचिव बालेश्वर द्विवेदी ने बताया कि ग्राम पंचायत में एक सफाई कर्मी तैनात है। वह रोस्टर के मुताबिक कार्य भी करता है।

# आज से मनाया जाएगा बाल श्रम निषेध सप्ताह

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** 12 जून से 17 जून तक बाल श्रम निषेध सप्ताह मनाया जाएगा। सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता ने बताया कि इसका उद्देश्य बालश्रम के विरुद्ध जागरूकता फैलाना है।

गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 12 जून को अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने इसकी शुरुआत वर्ष 2002 में की थी। देश में बालश्रम रोकथाम के लिए कड़े कानून हैं पर इसके साथ सामाजिक जागरूकता एवं मानव व्यवहार परिवर्तन भी आवश्यक है। बाल श्रम बच्चों की शिक्षा, करियर, स्वास्थ्य और मनोस्थिति पर अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव डालता है। बताया कि देश में 14 वर्ष तक बाल श्रम पूर्णतः वर्जित है तथा 14 से 18 वर्ष के मध्य अधिनियम के प्राविधानों के अनुसार निर्धारित नियम एवं शर्तों पर कार्य करने की अनुमति है। उन्होंने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 2016 के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में जिले में बाल श्रम उन्मूलन करने के तहत 90 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कराकर 65 सेवायोजकों के विरुद्ध मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में वाद पंजीकृत कराए गए। अधिनियम के प्राविधानों के अनुसार खतरनाक श्रेणी के अंतर्गत बाल श्रमिक से काम कराने पर न्यूनतम छह माह से लेकर दो वर्ष तक के कारावास की सजा या न्यूनतम 20 हजार से लेकर 50 हजार तक के अर्थदंड या दोनों से दंडित करने का प्राविधान है।

